उज्जैन
रविवार
12
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-158
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



थलापति विजय की फिल्म जन नायकन ऑनलाइन लीक पूजा हेगड़े ने बताया दुखद, फैंस से थिएटर में देखने की अपील, पाइरेसी के खिलाफ सख्त संदेश दिया

पेज- 8



## खबर एक नजर...

### इंदौर से देशी शराब लेकर उज्जैन आया था युवक



**उज्जैन।** शहर में शराब पर प्रतिबंध लगा होने पर इंदौर-देवास के रास्ते अवैध तरीके से शराब लाई जा रही है। शुक्रवार रात इंदौर से शराब लेकर आये युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया। जिसके पास से 29 हजार कीमत की देशी शराब बरामद की गई। माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक आशुतोष नागर ने बताया कि एक युवक विमल पाऊच के 2 झोले में देशी शराब के क्वार्टर भरकर बेचने के लिये निकला है। प्रधान आरक्षक ने टीम के साथ युवक को पकड़ने के लिये थाना क्षेत्र की सीमा में लगने वाले विक्रमनगर ब्रिज एमआर-5 मार्ग पर घेराबंदी की। ब्रिज के नीचे युवक हाथ में 2 झोले लेकर जाता दिखाई दिया। जिसे पकड़ा गया और झोलों की तलाशी ली गई तो उसमें देशी शराब भरी होना पाई गई। पूछताछ करने पर युवक का नाम राहुल पिता राजू रायकवार निवासी एके बिल्डिंग चौराहा सामने आया। उसे थाने लाया गया, जहां शराब के क्वार्टर 316 होना सामने आये। युवक ने बताया कि शराब इंदौर से खरीदकर बेचने के लिये लाया था। उसके पास शराब बेचने का वैध लाइसेंस और दस्तावेज नहीं होने पर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया।

### शराबी की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** इंदौररोड स्थित आलमपुर उड़ाना में रहने वाला संतोष पिता देवा दाहिमा 40 ट्रक ड्रायवर था और शराब पीने का आदी थी। शुक्रवार रात अधिक शराब पीकर लौटा था, जिसके चलते उसकी रात में तबीयत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल लेकर आये, जहां कुछ देर चले उपचार के बाद संतोष की मौत हो गई। नानाखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। एक अन्य मामले में ग्राम दौंता जागीर से संगीता पति लक्ष्मण को परिजनों ने उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। रात में मौत होने पर माधवनगर थाना पुलिस ने शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। संभावना जताई गई कि संगीता ने जहरीला पदार्थ खाया था। माधवनगर पुलिस के अनुसार मामले की जांच के लिये मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### गिरफ्त में बालिका से दुराचार करने वाला आरोपी

**उज्जैन।** रात में टायलेट के लिये बहार बनी बाथरूम में आई बालिका को मुंह दबाकर जबरदस्ती अपने साथ खेत में ले जाकर दुराचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बालिका की शिकायत पर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। इंगोरिया थाना क्षेत्र की रहने वाली बालिका ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि रात में 11 बजे के लगभग वह टायलेट के लिये बाहर बनी बाथरूम में आई थी। उसी दौरान पंकज बैरागी ने उसका मुंह दबाया और जबरदस्ती खेत में ले जाकर गलत काम किया। पंकज ने धमकी दी कि किसी को बताया तो जान से मार देगा। थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने मामला गंभीर होने पर तत्काल बालिका की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 65 (2), 351 (3) बीएनएस के साथ 1/4 पास्को एक्ट और एसटीएसटी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एएसआई कनीराम डिंडोर, दिनेश डोडियार, चैनसिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक अशोक कटारा, आरक्षक रामचंद्र चौहान की टीम बनाई। 48 घंटे की तलाश के बाद शुक्रवार रात आरोपी पंकज पिता मुरलीदास बैरागी निवासी ग्राम सुवासा को गिरफ्तार कर लिया। जिसे शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# 14 अप्रैल से खरमास खत्म, मांगलिक कार्य शुरू होंगे

## सूर्य मेष राशि में प्रवेश करेंगे, अक्षय तृतीया पर बिना मुहूर्त शादियां, 17 मई से फिर लगेगा ब्रेक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नवग्रहों के राजा सूर्य 14 अप्रैल को प्रातः 9:52 बजे मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही खरमास की समाप्ति मानी जाती है। इसके साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाएगी और लोग विवाह, गृह प्रवेश, यज्ञोपवित जैसे शुभ कार्य कर सकेंगे।

**एक महीने नहीं हो सके मांगलिक कार्य-** 14 मार्च की रात 11:59 बजे सूर्य ने कुंभ राशि को छोड़कर मीन राशि में प्रवेश किया था। इस अवधि के दौरान एक माह तक विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों पर रोक रही। अब मंगलवार को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही शुभ कार्य फिर से शुरू हो जाएंगे, जिनमें विवाह, यज्ञोपवित, चूड़ाकर्म और गृह प्रवेश जैसे संस्कार शामिल हैं।

**आने वाले व्रत-त्योहारों का विशेष महत्व-** पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार, सूर्य के मेष राशि में प्रवेश को



मेष संक्रांति कहा जाता है। संक्रांति का अर्थ है सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करना। इस बार सूर्य मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे, जहां वे उच्च स्थिति में माने जाते हैं। मेष राशि का स्वामी मंगल है। इस अवधि में आने वाले व्रत-त्योहार और शुभ मुहूर्तों का विशेष महत्व रहेगा, जिनके आधार पर विभिन्न संस्कारिक कार्य संपन्न किए जा सकेंगे।

### भगवान विष्णु और पितरों की कृपा के लिए करें घट दान

अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु और पितरों की प्रसन्नता के लिए दो मिट्टी के घटों का पूजन करना शुभ माना जाता है। एक घट में जल भरकर उसमें जौ, चंदन और पीले पुष्प डालकर भगवान विष्णु का ध्यान किया जाता है। दूसरे घट में काले तिल, चंदन, कच्चा दूध और सफेद पुष्प डालकर पितरों का स्मरण किया जाता है। इसके बाद दोनों घटों का संकल्प लेकर ब्राह्मणों के माध्यम से दान किया जाता है। ऐसा करने से पितरों की तृप्ति होती है और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। मान्यता है कि इससे संतान की इच्छा रखने वाले दंपतियों को संतान सुख मिलता है और जिनके संतान हैं, उनकी आयु व कल्याण में वृद्धि होती है।

### एक माह के लिए फिर थमेंगे मांगलिक कार्य

पंचांग गणना के अनुसार इस वर्ष 17 मई से पुरुषोत्तम अधिक मास की शुरूआत होगी, जो भारतीय कैलेंडर के अनुसार प्रथम अधिक ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष में आएगा। अधिक मास को पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। इस पूरे महीने में धार्मिक अनुष्ठान, सत्संग, तीर्थ यात्रा और कल्पवास जैसे कार्यों का विशेष महत्व रहेगा। यह अवधि 15 जून तक चलेगी। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश सहित सभी मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी।

### सर्वार्थ सिद्धि योग में अक्षय तृतीया, बिना मुहूर्त होंगी शादियां

- 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर देशभर में बिना मुहूर्त के विवाह संपन्न होंगे। पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार पंचांग गणना के मुताबिक इस वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि सोमवार, 20 अप्रैल को रोहिणी नक्षत्र में पड़ रही है।
- सोमवार के दिन रोहिणी नक्षत्र का संयोग सर्वार्थ सिद्धि योग बनाता है, वहीं मध्यरात्रि में सोमवार के साथ मृगशिरा नक्षत्र का योग अमृत सिद्धि योग का निर्माण करता है। इस कारण अक्षय तृतीया इस बार विशेष पुण्यकाल वाली रहेगी। इस दिन भगवान विष्णु की प्रसन्नता के लिए विभिन्न प्रकार के पूजन का विधान धर्मशास्त्रों में बताया गया है।
- साथ ही अक्षय तृतीया पर पितरों के निमित्त पूजन का भी विशेष महत्व माना गया है। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान अक्षय पुण्य देता है और शुभ फल प्रदान करता है।

# नरवाई जलाने पर दो किसानों पर केस

## रोक के बावजूद आग लगाई, 2 एकड़ से कम जमीन पर 2500 तक जुर्माना तय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नागदा क्षेत्र में फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई (पराली) जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। प्रशासन की मनाही और कड़ाई के बाद भी कई किसान खेतों में आग लगा रहे हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि जमीन की ताकत भी कम हो रही है।

इस मामले में प्रशासन ने दो किसानों पर कार्रवाई भी की है। इन पर केस दर्ज किया गया है। जानकारों का कहना है कि खेत में आग लगाने से मिट्टी के दोस्त कहे जाने वाले केंचुए और छोटे जीवाणु मर जाते हैं। इससे जमीन की उपजाऊ शक्ति खत्म होने लगती है। साथ ही जमीन सख्त हो जाती है, जिससे वह पानी नहीं सोख पाती। आग फैलने से आसपास की फसलों और घरों को खतरा रहता है। इससे होने वाला धुआं हवा को जहरीला बनाता है, जो सेहत के लिए बहुत बुरा है।



### जुर्माने का है प्रावधान

प्रशासन ने साफ कर दिया है कि नरवाई जलाना कानूनन अपराध है। इसके लिए जमीन के हिसाब से जुर्माना तय किया गया है-

- 2 एकड़ से कम जमीन पर 2500 रुपए तक।
- 2 से 6 एकड़ तक पर 5000 रुपए तक।
- 15 एकड़ से ज्यादा पर 15000 रुपए तक का जुर्माना।

### किसान क्यों जलाते हैं आग?

गेहूं की कटाई के बाद खेत में फसल का जो मोटा हिस्सा बच जाता है, उसे साफ करने में मेहनत और पैसा ज्यादा लगता है। इसी खर्च और समय को बचाने के चक्कर में किसान शॉर्टकट अपनाते हुए आग लगा देते हैं। प्रशासन अब ऐसे किसानों पर नजर रख रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर एफआईआर तक की जा सकती है।

# महाकाल मंदिर पहुंचे सुनंदा शर्मा और मनीष मल्होत्रा

### दोनों ने भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया, बोले- बार-बार आना चाहेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में सेलेब्रिटीज के दर्शन का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार दोपहर प्रसिद्ध गायिका सुनंदा शर्मा और फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए पहुंचे। दोनों ने नंदी हॉल से भगवान महाकाल के दर्शन किए।

इस दौरान सुनंदा शर्मा नंदी हॉल में भगवान महाकाल का जाप करती नजर आईं, वहीं मनीष मल्होत्रा चांदी द्वार तक पहुंचे और वहां से आशीर्वाद लिया।

सुनंदा शर्मा ने बताया कि वह अपनी पूरी टीम के साथ दर्शन करने आई हैं। उन्होंने कहा कि यहां आकर वही भाव अनुभव होता है, जो हर भक्त करता है। यह उनका दूसरा मौका है और हर बार यहां आना उन्हें बेहद अच्छा लगता है।

**पहली बार किए बाबा के दर्शन-**



इधर, इंदौर में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए मनीष मल्होत्रा ने कहा कि इंदौर का प्लान बना तो सोचा की सबसे पहले महाकाल मंदिर दर्शन के लिए जाऊंगा। पहली बार महाकाल मंदिर आया हूं बहुत अच्छा लगा। महाकाल की कृपा रही तो बार-बार आऊंगा।

# गुम मोबाइल मंगवाने के लिये पुलिस ने भेजी कोरियर राशि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गुम मोबाइल की लोकेशन ट्रेस होने पर पुलिस ने संबंधित व्यक्तियों से संपर्क किया तो उन्होंने मोबाइल परिवार के सदस्यों को मिलना बताया। पुलिस ने लौटाने की बात कही तो उन्होंने आने में असमर्थता जताई। पुलिस ने कुरियर राशि भेजी और 13 मोबाइल मंगवा लिये।


**2 धारकों को लौटाये, 11 को बुलाया गया थाने**



देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि थाना क्षेत्र में पिछले कुछ महिनों में मोबाइल गुम होने की एक दर्जन से अधिक शिकायत मिली थी। गुम मोबाइल की तलाश के लिये तकनीकी प्रक्रिया के माध्यम से लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा था। इस बीच 13 मोबाइल की लोकेशन छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, देवास, इंदौर और धार की सामने आई। उक्त मोबाइल चलाने वालों से संपर्क किया गया और मोबाइल संबंधित जानकारी मांगी गई तो सामने आया कि वह धार्मिक यात्रा पर आये थे, उन्हे परिवार के बुजुर्ग, महिला और बच्चों को उक्त मोबाइल मिले थे। पुलिस ने मोबाइल लौटाने की बात कहीं तो उन्होने वापस करने की बात कहीं लेकिन उज्जैन आने में असमर्थता जताई। जिसके चलते उन्हे कुरियर राशि भेजी गई और उक्त 13 मोबाइल वापस मंगवा लिये गये। जिनकी कीमत डेढ़ लाख से अधिक है। थाना प्रभारी के अनुसार एक मोबाइल मंदसौर और दूसरा छत्तीसगढ़ के धारक था, जिन्हे लौटा दिया गया है। शेष 11 मोबाइल धारकों से संपर्क किया गया है। जिनके आने पर उन्हे भी मोबाइल लौटा दिये जायेंगें। मोबाइल वापस मंगवाने के लिये 400 से 700 रुपए तक की कुरियर राशि थाना स्टॉफ द्वारा दी गई है।

उज्जैन
रविवार
12
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




### झालरिया का बोरवेल हादसा : भूस्वामियों की लापरवाही और नियमों की अनदेखी

# नियमों की अनदेखी का परिणाम

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले सहित पूरे मध्यप्रदेश में खुले बोरवेल हादसे का मुख्य कारण भूस्वामियों की लापरवाही, बोरिंग के बाद गड्ढों को खुला छोड़ना और प्रशासनिक आदेशों (2024 के नए नियमों) का पालन न होना है।

उज्जैन के बड़नगर (झालरिया) में हाल ही में 3 वर्षीय भागीरथ का 70-75 फीट गहरे खुले बोरवेल में गिरकर जान गंवाना (22 घंटे के रेस्क्यू के बाद मृत घोषित) इसका ताजा उदाहरण है। खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने व मौत की घटनाएं काफी हो चुकी है। क्या शहर और क्या ग्रामीण क्षेत्र, ऐसे कई स्थान है जहां पर बोलवेल के गड्ढे खुले हुए हैं. इन्हें लंबे समय से बंद नहीं किया गया है, जिसके कारण लगातार हादसे हो रहे हैं।

### आदेश का भी नहीं हो रहा असर

करीब बीते दो साल पहले सीएम डॉक्टर मोहन ने प्रदेश में अनुपयोगी और खुले नलकूप आदि की निगरानी के लिए प्रशासन को निर्देश दिए थे लेकिन इस आदेश का भी असर जिले में नहीं हो रहा है। सीएम ने आदेश जारी कर कहा था कि अनुपयोगी और खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल जो भी है उसकी निगरानी प्रशासन को करना चाहिए। इसके अलावा कहा है कि लोक स्वस्थ यांत्रिकी विभाग पोर्टल के जरिए ग्रामीण और शहरी इलाकों में नवीन नलकूप, बोरवेल खनन की जानकारी रखेगा। विभाग नलकूप खनन मशीनों का पंजीयन, नलकूप खनन करने वाले ठेकेदार की जानकारी और अनुपयोगी खुले नलकूपों की पोर्टल के जरिए करेगा निगरानी करेगा। लेकिन बावजूद इसके सीएम के आदेश का पालन नहीं होना समझ से परे ही प्रतीत होता है।



### हादसे के प्रमुख कारण और स्थिति

- **लापरवाहीः** पानी न मिलने पर बोरवेल को मिट्टी से न भरना या उन्हें मजबूती से ढके बिना छोड़ देना।
- **असुरक्षित स्थलः** ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में असुरक्षित खुले बोरवेल बच्चों के लिए जानलेवा जाल बन रहे हैं।
- **बढ़ते हादसेः** उज्जैन के हालिया मामले में 22 घंटे चले रेस्क्यू के बावजूद बच्चे की मौत हो गई, जो राज्य में ऐसे हादसों की भयावहता को दर्शाता है।
- **प्रशासनिक कदमः** सरकार ने कड़े नियम (2024-25) लागू किए हैं, जिसमें बोरवेल को सील करना और ड्रिलिंग एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपना अनिवार्य है।

# सरकारी गारंटी में डूबे बैंकों के 2100 करोड़

### मार्च में जारी रिपोर्ट में खुलासा-5 साल में एनपीए में 21 % तक बढ़ोतरी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इंदौर

मप्र में मुख्यमंत्री के नाम पर चल रहीं स्वरोजगार और आवास योजनाओं की सेहत बिगड़ती जा रही है। सरकार और बैंकों की 25 मार्च को जारी ताजा रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। जिन योजनाओं को युवाओं और गरीबों का सहारा बनना था, वे बैंकों का सिरदर्द बन गई हैं। सीएम ग्रामीण आवास मिशन में तो बकाया राशि का 67.9% हिस्सा एनपीए (डूबत कर्ज) हो चुका है, जो कि 1,670 करोड़ रुपए है। यही हाल मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और सीएम स्वरोजगार योजना का भी है। यहां लक्ष्यों की प्राप्ति तो 127% दिख रही है, लेकिन वसूली के मामले में बैंक हांफने लगे हैं। इन योजनाओं में 422 करोड़ (42.9%) एनपीए की श्रेणी में जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास मिशन में पांच साल में एनपीए 21% तक बढ़ गया है। कुल मिलाकर ग्रामीण आवास व स्वरोजगार योजनाओं में ही करीब 2100 करोड़ एनपीए में हैं।

## गवर्नर पद के उम्मीदवार पर 4 महिलाओं ने यौन शोषण का आरोप लगाया

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के गवर्नर पद की दौड़ में शामिल डेमोक्रेट नेता एरिक स्वालवेल पर कई महिलाओं ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। सीएनएन को दिए बयान में उनके एक पूर्व स्टाफ ने कहा कि 2024 में एरिक ने नशे की हालत में उसके साथ बलात्कार किया। हालांकि, एरिक ने सभी आरोपों को खारिज किया। उन्होंने इन्हें झूठा बताते हुए कहा कि ये आरोप ऐसे समय लगाए गए हैं, जब वह चुनाव प्रचार में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि वह तथ्यों के साथ अपना बचाव करेंगे और जरूरत पड़ी तो कानूनी कार्रवाई करेंगे। सीएनएन के मुताबिक, आरोप लगाने वाली महिला ने दावा किया कि 2019 में शराब पीने के बाद स्वालवेल ने उसके साथ गैर-सहमति से शारीरिक संपर्क किया था।



## दिल्ली-यूपी में एक दिन बाद 40 डिग्री के पार जाएगा तापमान

**नई दिल्ली।** देशभर में गर्मी बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम भारत में तापमान 6 से 8 डिग्री तक बढ़ सकता है। हालांकि, शनिवार शाम को अटल टनल और मनाली के आसपास के इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई। शनिवार रात मनाली में तापमान -7 डिग्री तक गिर गया। वहीं उत्तर प्रदेश में लखनऊ सहित कई जगहों पर रविवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है। दिल्ली में शनिवार को अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले दिन से ज्यादा था। 15 अप्रैल को मध्य प्रदेश में नया सिस्टम एक्टिव होगा जिससे राज्य में गर्मी बढ़ेगी। शनिवार को राजधानी भोपाल में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

## ओडिशा की आईएएस अधिकारी पर 95 लाख की ठगी का आरोप

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पर गंभीर धोखाधड़ी और धमकी देने के आरोप सामने आए हैं, जिसने प्रशासनिक तंत्र को हिला कर रख दिया है। राज्य के गृह विभाग में अतिरिक्त सचिव के पद पर पदस्थ अधिकारी अराधना दास पर आरोप है कि उन्होंने जमीन दिलाने का झांसा देकर एक दिव्यांग व्यक्ति से 95 लाख रुपये ठग लिए और बाद में पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने जांच पूरी कर ली है और अब कार्रवाई के लिए राज्य सरकार से अनुमति मांगी है।



## देश में करीब ढाई करोड़ यूट्यूब चैनल्स, सिर्फ 30 लाख ही प्रोफेशनल

**नई दिल्ली।** देश में लगभग 2.5 करोड़ एक्टिव यूट्यूब चैनल्स में से महज 30 लाख ही प्रोफेशनल हैं, बाकी करोड़ों चैनलों में से कई बिना नियमन या कमाई के गलत सलाह या कॉपी-पेस्ट वाला कंटेंट फैला रहे हैं। इन्फ्लुएंसर ट्रस्ट रिपोर्ट के मुताबिक देश में यूट्यूब के हर महीने करीब 50 करोड़ एक्टिव यूजर्स है। अब यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक डॉक्टर, मैकेनिक, जिम ट्रेनर और कानूनी सलाहकार तक बन चुका है। यदि इन चैनलों पर बताई गई किसी सलाह से किसी को नुकसान हो जाए तो न्याय पाने का रास्ता इतना पेचीदा है कि अपराधी साफ बच निकलता है। देश में हर 10 में से 7 लोग यूट्यूब की सलाह पर भरोसा करते हैं, जिनमें से 60% उसे बिना क्रॉस-चेक किए सही मान लेते हैं।

# बार-बार गुलामी की बड़ी वजह हिंदू समाज में एकता की कमी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ निजामाबाद

राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि केशव बलिराम हेडगेवार ने देश को विदेशी शासन से आजाद कराने और हिंदुओं के बीच फूट को खत्म करने के मकसद से आरएसएस की स्थापना की थी।

उन्होंने कहा कि हेडगेवार का मानना था कि समाज में एकता की कमी ही बार-बार गुलामी की बड़ी वजह रही। संघ प्रमुख ने कहा कि हेडगेवार ने ब्रिटिश शासन को खत्म करने के लिए राजनीतिक और हथियारबंद विरोध समेत कई रास्तों पर काम किया था।

भागवत ने कहा कि आजादी के लिए काम करते हुए हेडगेवार को यह एहसास हुआ कि अंग्रेज भारतीयों को गुलाम बनाने वाले पहले बाहरी शासक नहीं थे। उनके मुताबिक, समस्या सिर्फ बाहर से आने वाली ताकत नहीं थी, बल्कि समाज के भीतर भी एक कमी थी। भागवत शनिवार को तेलंगाना के निजामाबाद जिले के कंडाकुर्थी गांव में श्री केशव स्फूर्ति मंदिर के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। यह गांव हेडगेवार का पैतृक गांव है। उन्होंने कहा- हममें कोई कमी थी, जिसकी वजह से हमें बार-बार हार का सामना करना पड़ा। इसलिए उस कमी को दूर करना जरूरी था।



हिंदुत्व का मतलब दूसरों के साथ मिलकर रहना, अपने रास्ते पर चलना और बाकी लोगों का सम्मान करना है। फ्रर की प्रार्थना भी इन्हीं गुणों को दिखाती है और शाखा में आने वालों में यही संस्कार विकसित होते हैं। हेडगेवार हिंदुओं को मजबूत, निडर और अच्छा इंसान बनाने के पक्ष में थे। हेडगेवार का मानना था कि अगर इन कमियों को दूर नहीं किया गया, तो देश को बार-बार आजादी के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

## देवास-भोपाल हाईवे पर तेज रफ्तार कार पलटी, तीन की मौत

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ देवास

देवास में शनिवार रात करीब डेढ़ बजे भोपाल हाइवे पर नेवरी फाटा के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार हादसे में जान गंवाने वाले और घायल हुए सभी लोग ग्राम गुनाई सोनकच के निवासी बताए जा रहे हैं।

जिला अस्पताल के डॉक्टर राहुल गेहलोद ने बताया कि चार लोगों का एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है। एक व्यक्ति को गंभीर अवस्था में लाया गया था, जिसे प्राथमिक उपचार देकर इंदौर रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान शुभम, प्रदीप और मोहित के रूप में हुई है। वहीं, सचिन नामक युवक को गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया है।

### ईरान-अमेरिका की 21 घंटे चली बातचीत बेनतीजा

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस बिना डील किए पाकिस्तान से रवाना

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच शांति को लेकर चल रही बातचीत बेनतीजा रही। यह 21 घंटे से ज्यादा समय तक चली। वेंस अब अपनी टीम के साथ अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं।

देश लौटने से पहले वेंस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा कि समझौता न होना अमेरिका से ज्यादा ईरान के लिए बुरी खबर है। उन्होंने कहा कि अमेरिका बिना किसी डील के ही लौट रहा है।

वेंस ने कहा कि अमेरिका की शर्तें स्पष्ट थीं, लेकिन ईरान ने उन्हें नहीं माना। किसी भी समझौते के लिए जरूरी है कि ईरान ये वादा करे कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। वहीं, ईरान ने भी कहा है कि इस्लामाबाद में अमेरिका के साथ हुई बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक अमेरिका की शर्तें जरूरत से ज्यादा सख्त थीं। इस वजह से समझौते का रास्ता नहीं निकल पाया।



**पाकिस्तान में बातचीत बेनतीजाः** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की इस्लामाबाद में ईरान के साथ बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। वेंस ने कहा कि हमें पूरी तरह भरोसा चाहिए कि ईरान न तो परमाणु हथियार बनाएगा और न ही ऐसी तैयारी करेगा जिससे वह जल्दी हथियार बना सके।

**अमेरिका ने माइंस हटाने का अभियान शुरू कियाः** अमेरिकी सेना के सेंटकॉम ने कहा है कि अमेरिकी युद्धपोत समुद्री रास्ते को सुरक्षित बनाने की तैयारी कर रहे हैं। आरोप है कि ईरान ने इस अहम समुद्री मार्ग में बारूदी सुरंगें बिछाई हैं।

# 100 की स्पीड में बस ने पिकअप को उड़ाया, 13 लोगों की मौत

### सड़क पर बिखरीं लाशें, बाइक सवार को रौंदकर भाग रहा था बस ड्राइवर

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कटिहार

बिहार के कटिहार में शनिवार देर शाम बस और पिकअप की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग शामिल हैं।

मृतकों में 10 महिलाएं, 2 पुरुष और एक बच्ची है। इसमें 11 मृतक पूर्णिया जिले के रहने वाले थे, जबकि दो कटिहार के हैं। हादसे में 32 से ज्यादा घायल हैं। इनमें 8 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा कटिहार के कोढ़ा ब्लॉक में एनएच-31 पर हुआ। बस से टक्कर के बाद लोगों के शव सड़क पर बिखर गए।



चश्मदीद ने बताया कि हादसे के वक्त ड्राइवर ने शराब पी रखी थी। गाड़ी की स्पीड भी 100 से ज्यादा थी। बस ड्राइवर ने पहले एक बाइक को उड़ाया इसके बाद पिकअप से टक्कर हुई।

पिकअप सवार सभी झारखंड से मेला देखकर लौट रहे थे। हादसे के बाद सीएम ने मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की मदद का ऐलान किया है।

### पहले बाइक को उड़ाया फिर पिकअप से टक्कर हुई

- प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, 'शनिवार देर शाम हम कटिहार के आसपास थे। अचानक से तेज आवाज आई, जैसे बम फटा हो। कुछ भी समझ नहीं आया। सड़क पर लाशें बिछ गईं। हमारे पिकअप का ड्राइवर स्टीयरिंग में फंस गया। लोगों ने रॉड से स्टीयरिंग सीधी कर उसके शव को बाहर निकाला।
- बस की स्पीड 100 से ज्यादा थी। उसने पहले 2 बाइक सवारों को टक्कर मारी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद अनियंत्रित होकर हमारी पिकअप से टकरा गया।
- स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसी रेफर किया गया, जहां कई की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही कोढ़ा थाना पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा। रेस्क्यू शुरू किया गया। क्रेन से गाड़ियों को हटाकर सड़क पर जाम खत्म कराया गया।'



## खबर एक नजर...

### आज होगा मोनिषा छाबड़ा की तीन पुस्तकों का विमोचन

**उज्जैन।** कालिदास संस्कृत अकादमी स्थित अभिरंग नाट्यगृह में आज रविवार 12 अप्रैल को आस्था समाज रचना सेवा अनुसंधान संस्थान के तत्वावधान में पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस साहित्यिक कार्यक्रम में लेखिका मोनिषा छाबड़ा की तीन पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शिव चौरसिया करेंगे और डॉ. उमा बाजपेयी सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। समारोह के दौरान डॉ. पांखुरी वक़्त द्वारा पुस्तकों की समीक्षा प्रस्तुत की जाएगी। इस गरिमामय आयोजन का सूत्र संचालन अभिलाषा शर्मा करेंगी। सुबह 10 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। सोनिया सहगल, मोनिका सहगल, गरिमा छाबड़ा और शैफाली छाबड़ा ने शहरवासियों से इस आयोजन में शामिल होने का निवेदन किया है।

### चिकित्सा शिक्षा में शोध की अनिवार्यता पर जोर, भव्य समारोह में अतिथियों ने दी बधाई

**उज्जैन।** शहर के आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के एनएमसी इंडेक्सिंग सूची में शामिल जर्नल 'सेंट्रल इंडिया जनरल ऑफ मेडिकल रिसर्च' के 4 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वीके माहडिक, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधीर गवारिकर, डीन डॉ. एचई शिरालकर, एकेडमिक डीन डॉ. एसपी धनेरिया और जर्नल के एग्जीक्यूटिव एडिटर डॉ. बीएन मिश्रा उपस्थित थे। डॉ. मिश्रा ने पिछले चार वर्षों के सांख्यिकीय डेटा को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस अवधि में सीआईजेएमआर ने एक एनएमसी इंडेक्स जर्नल के रूप में अपनी मजबूत पहचान बना ली है। इन चार वर्षों में जर्नल ने मेडिकल के सभी विषयों पर उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. माहडिक ने संस्था के इस जर्नल की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया। डॉ. गवारिकर ने चिकित्सा शिक्षा में शोध की अनिवार्यता पर जोर दिया।

### फूल बंगला मनोरथ दर्शन के साथ प्रारंभ हुआ वल्लभाचार्य जयंती महोत्सव

# मदनमोहनजी की हवेली में सैकड़ों महिलाओं ने गाए मंगल गान





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के प्रवर्तक जगद्गुरु अखण्ड भूमण्डलाचार्य महाप्रभु वल्लभाचार्यजी के 549वें प्रागट्य महोत्सव की शनिवार (11 अप्रैल) को शहर में उल्लास के साथ शुरूआत हुई। महोत्सव के पहले दिन सराफा स्थित मदनमोहनजी की हवेली में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मंगल गान और बधाई गान गाए।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मध्य प्रदेश की एकमात्र आचार्य महाप्रभुजी की बैठक (गोमतीकुण्ड मंगलनाथ रोड़) पर ट्रस्टी विठ्ठल नागर के नेतृत्व में यह पांच दिवसीय आयोजन 11 से 15 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। शनिवार को महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सुबह 11.30 बजे गोला मंडी स्थित पुरुषोत्तमजी की हवेली में आकर्षक 'फूल बंगला मनोरथ' के दर्शन हुए। इसके बाद शाम को सराफा स्थित मदनमोहनजी की हवेली में सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति में मंगल गान, बधाई गान एवं अष्टाक्षर महामंत्र का जाप संपन्न हुआ।

यह ऐतिहासिक महोत्सव गो.ति. 108 इन्द्रदमन जी राकेशजी महाराज के आशीर्वाद तथा चि. भूपेशकुमारजी विशाल बावा और चि. लालगोविन्दजी अधिराज बावा की आज्ञानुसार आयोजित किया जा रहा है। आगामी कार्यक्रमों के तहत 12 अप्रैल को रात्रि 7.30 बजे बुधवारिया स्थित खण्डेलवाल धर्मशाला में भव्य भजन संध्या होगी, जिसमें हातोद वाले पं. शुभम कृष्ण दुबे भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर वैष्णव समाज के अध्यक्ष और सचिव का सम्मान भी किया जाएगा।

मुख्य पर्व 13 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 7 बजे मदनमोहनजी की हवेली से प्रभात फेरी निकलेगी, जबकि बैठक में केसर स्नान और फूल बंगला राजभोग होगा। इसी दिन शाम 6.30 बजे गो. 108 दिव्येशकुमारजी महाराज (इन्दौर-नाथद्वारा) के सानिध्य में मानव भवन क्षीरसागर से निकास चौराहा तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए पुरुषों के लिए कुर्ता-पाजामा और महिलाओं के लिए केसरिया या पीली साड़ी का ड्रेस कोड रखा गया है। रात्रि 9.30 बजे महाप्रसादी का आयोजन होगा।

महोत्सव के तहत 14 अप्रैल को ढाबारोड़ स्थित श्रीनाथजी की हवेली में फूल बंगला राजभोग तथा सुबह 9.30 बजे महाप्रभुजी की बैठक में वल्लभाचार्यजी द्वारा रोपित पीपलजी का दुग्धास्नान होगा। रात्रि 7.30 बजे सिंहपुरी स्थित गोवर्धननाथजी की हवेली में यमुनाष्टक पाठ और वल्लभ साखी का आयोजन होगा। अंत में 15 अप्रैल को शाम 7 बजे महाप्रभुजी की बैठक में पना मनोरथ व पुष्प वितान के साथ इस 5 दिवसीय महोत्सव का समापन होगा।

आयोजन में सह-संयोजक श्याम माहेश्वरी, जितेन्द्र गाँधी, आनंद पुरोहित, शैलेन्द्र राठी और मनीष नागर हैं। कार्यक्रमों में वल्लभ वैष्णव मण्डल, युवा मण्डल, महिला मण्डल, अ.पु. वैष्णव परिषद की विभिन्न शाखाएं सहयोगी रहेंगी। बैठक ट्रस्टीगण अंजनभाई शाह, समीर भाई चौधरी, दिव्येश नागर, पूनमबेन सौमैया, विठ्ठल नागर और पूर्व ट्रस्टीगण अशोक जड़िया, बंसीलाल नीमा, प्रहलाददास नीमा तथा कमलकांत नागर ने समाजजनों से आगामी सभी कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# प्रेम छाया परिसर के प्राचीन मंदिर में चोरी, राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने दिया 2 दिन का अल्टीमेटम

### देवास गेट थाने में सौंपा आवेदन, सीसीटीवी में कैद हुआ संदिग्ध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के प्रेम छाया परिसर स्थित प्राचीन मंदिर में हुई चोरी और मूर्तियों के साथ छेड़छाड़ की घटना को लेकर राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने आक्रोश जताया है। संगठन के पदाधिकारियों ने देवास गेट थाने में आवेदन सौंपकर पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के भीतर पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं करती है, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञात हो कि 8 अप्रैल की रात



असामाजिक तत्वों ने श्री नागेश्वर, श्री पुष्प विनायक और श्री पंछी बाबा मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान श्री नागेश्वर मंदिर से शिखर, त्रिशूल, शिवलिंग के साथ रखा नाग, जलधारा का कलश और आभूषण चोरी कर लिए गए थे। वहीं पास ही स्थित श्री पुष्प विनायक मंदिर से भगवान गणेश के वस्त्र भी गायब थे। इस मामले में पुलिस के हाथ एक सीसीटीवी फुटेज भी लगा है, जिसमें एक युवक के हाथ में मूर्ति जैसी कोई वस्तु दिखाई दे रही है, इसके बावजूद आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

देवास गेट थाने में आवेदन देने के दौरान राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिलाध्यक्ष देवेंद्र प्रजापत, जिला संयोजक रवि वर्मा, राजेश रावल, विजय मीणा, जितेंद्र परमार, नितिन जादौन और मुकेश रघुवंशी उपस्थित थे।

# अग्रवाल युवा मंच ने पंचकोशी यात्रियों को बांटे परमल के 5100 पैकेट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर में चल रही पंचकोशी यात्रा के दौरान 11 अप्रैल को अग्रवाल युवा मंच द्वारा पंचकोशी यात्रियों की सेवार्थ 5100 परमल के पैकेट वितरित किए गए। आयुष चौधरी ने बताया कि इस सेवा कार्य में संस्था के संस्थापक योगेश गोयल, अध्यक्ष कमलेश गर्ग और सचिव मुकेश अग्रवाल मामा के नेतृत्व में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सत्यनारायण गर्ग, गौरव, विकास अग्रवाल, त्रिलोकचंद अग्रवाल, संजय गोयल और अरविंद अग्रवाल उपस्थित रहे।

# पंचांग और मुहूर्त विचार पर केंद्रित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

### पद्मश्री डॉ. राजपुरोहित ने बताया महाकाल और ज्योतिर्विज्ञान का संबंध, देशभर से 150 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में शनिवार को 'पंचांग परिचय और मुहूर्त विचार' पर केंद्रित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य समापन हुआ। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा के मार्गदर्शन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, ज्योतिष विभाग, स्मृति विज्ञान अर्वतिका शोध समिति और पूर्व छात्र परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित रहे। उन्होंने महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और प्राचीन भारतीय ज्योतिर्विज्ञान के पारस्परिक संबंधों को रेखांकित करते हुए दैनिक जीवन में पंचांग के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एचएल अनिजवाल ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को समझाया। वहीं सारस्वत अतिथि मंगलनाथ मंदिर के शासकीय पुजारी पंडित दीप्तेश दुबे ने कर्मकांड के क्षेत्र में ज्योतिष की उपयोगिता पर विस्तार से अपने विचार रखे।

आयोजन के संबंध में स्मृति विज्ञान अर्वतिका शोध समिति के संस्थापक डॉ. गोपालकृष्ण शुक्ल और कार्यशाला के संयोजक यश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में शहर के प्रख्यात ज्योतिर्विद पंडित अमर डिब्बावाला उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए ज्योतिष शास्त्र के आलोक में विवाह संस्कार के मुहूर्त विषयक चिंतन को व्यापक रूप से समझाया। साथ ही तकनीकी सत्र में ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से जुड़े प्रतिभागियों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में सिक्किम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों और मध्यप्रदेश के 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हाइब्रिड मोड में सहभागिता की। कार्यक्रम की

## खबर एक नजर...

### 13 अप्रैल को मनेगा संत कंवर राम जी का जन्मोत्सव

**उज्जैन।** हिंद रक्षक शहीद संत कंवर राम जी का जन्मोत्सव 13 अप्रैल को सर्व समाज की उपस्थिति में समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। संत कंवर राम स्मरण समिति के तत्वावधान में यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा अनावरित की गई प्रतिमा स्थल पर प्रातः 10 बजे से होगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रातः समिति के संरक्षक महेश पयाणी, अरुण रोचवानी, गोपाल बलवानी, डॉक्टर मुकेश जेठवानी और दीपक बेलानी द्वारा संत कंवर राम जी के जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा। इसके पश्चात पल्लव आरती की जाएगी एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

समिति प्रमुख सुनील नवलानी ने बताया कि जन्मोत्सव का यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने की अपील अशोक बजाज, सुनील मखीजा व सेवादारी किशोर बजाज ने की है।

### उपहास और विरोध से गुजरकर स्वीकार्यता के शिखर पर पहुंचा संघः रामदत्त चक्रधर

**उज्जैन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा साधारण नहीं रही है। उपहास, उपेक्षा, आलोचना, विरोध और प्रतिबंधों से गुजरते हुए संघ आज व्यापक स्वीकार्यता के शिखर पर पहुंचा है। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी स्मृति सेवा न्यास द्वारा आयोजित डॉ. हेडगेवार स्मृति व्याख्यानमाला के शुभारंभ अवसर पर कही।

नीलगंगा रोड माधव नगर स्थित लोकमान्य तिलक विद्यालय में शुक्रवार रात से यह तीन दिवसीय व्याख्यानमाला शुरू हुई है। अपने 40वें वर्ष में प्रवेश कर रहे इस आयोजन के प्रथम दिन रामदत्त चक्रधर ने '100 वर्ष की संघ यात्रा' विषय पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि विश्व को ज्ञान, आचार और व्यवहार की दिशा देने वाली ऋषि-भूमि है। भारत को पुनः उसी गौरवशाली स्वरूप में स्थापित करने के उद्देश्य से संघ की यात्रा 100 वर्ष से निरंतर चल रही है। मुख्य वक्ता ने कहा कि 1925 में डॉ. हेडगेवार द्वारा प्रारंभ किए गए इस कार्य को शुरुआती दौर में लोगों ने असंभव बताते हुए उपहास किया। 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के आरोपों और 1975 के आपातकाल में संघ ने कठोर विरोध व प्रतिबंधों का सामना किया। इसके बावजूद स्वयंसेवकों ने सत्याग्रह और जेल यात्राएं कीं तथा संगठन का कार्य नहीं रुका। उन्होंने डॉ. हेडगेवार के साहस, निर्भीकता और राष्ट्रनिष्ठा को संघ की मूल प्रेरणा बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और केशव अर्चना के साथ हुआ। अतिथियों का परिचय क्षमाशील मिश्रा ने कराया। उल्लास वैद्य और प्रशांत शर्मा ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में सार्थक गहलोत ने गीत तथा अनामिका सोनी ने वंदे मातरम् की प्रस्तुति दी। मंच संचालन राहुल विपट ने किया और आभार राजेश गर्ग ने माना। इस दौरान शहर के बुद्धिजीवी व नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# राजकीय संग्रहालय में मनी महात्मा ज्योतिराव फुले की 199वीं जयंती

### 'एंशिएंट बुद्धिज्म' समेत कई पुस्तकों का हुआ विमोचन

### उज्जैन सहित देश भर से शामिल हुए बौद्ध भिक्षु और विद्वान, प्रशिक्षणार्थियों को बांटे गए प्रमाणपत्र

ब्रह्मास्त्र ⏵⏵ उज्जैन



स्थानीय राजकीय संग्रहालय में महान भारतीय समाज सुधारक, विचारक और क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिराव फुले की 199वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न पुस्तकों का लोकार्पण किया गया और प्रशिक्षण कार्यक्रम के भागीदारों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय संग्रहालय के निदेशक डॉ. मनोज कुमार गौतम ने की।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिराव फुले के योगदान को याद करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर महिला शिक्षा, जातिगत भेदभाव उन्मूलन और छुआछूत के खिलाफ ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी थी। इस दौरान उनके द्वारा रचित प्रसिद्ध पुस्तकों 'गुलामगिरी' 1873 और 'किसान का कोड़ा' का विशेष रूप से स्मरण किया गया।

कार्यक्रम में 'एंशिएंट बुद्धिज्म' पत्रिका के 13वें अंक का विमोचन किया गया। इसमें चारूशीला खनखने एवं दीपा अहिरवार के अंग्रेजी लेखों सहित बुद्ध, भक्ति एवं श्रद्धा पर मुंबई के सुनील कांबले का लेख शामिल है। इसके अलावा भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो, उमेश पाल सिंह, प्रो. कालीचरण 'स्नेही', प्रो. डॉ. प्रेमराज खनखने, डॉ. हरी बाबू कटारिया और आचार्य विजय वीर सिंह के वियतनाम, थाईलैंड यात्रा, यूएनडीवी-2025 सम्मेलन और बुद्ध के विचारों से जुड़े ज्ञानवर्धक लेख इस अंक में संग्रहित हैं। आयोजन में 'बौद्ध भिक्खुओं के लिये आचार संहिता' का भी विमोचन हुआ। विनय पिटक पर आधारित इस पुस्तक में भिक्षुओं के चीवर, पात्र, 75 सेखिया सहित 227 भिक्षुओं और 311 भिक्षुणियों के नियमों को समझाया गया है। इसमें प्राचीन भारत की थेरवाद संन्यासी शिक्षा और प्रशिक्षण संरचना का ऐतिहासिक विश्लेषण किया गया है। इसके अलावा 'संतों पर थेरवाद बौद्ध धम्म की छाया' नामक पुस्तक का भी विमोचन हुआ, जिसमें संत कबीर, गुरु नानक, संत रविदास, ज्योतिराव फुले, संत गाडगे और स्वामी अछूतानन्द के वैचारिक लेख संकलित हैं। प्रशिक्षण के दौरान बौद्ध भिक्षुओं ने सांची की यात्रा कर धम्म का लाभ उठाया। समारोह में भिक्खु महानाम थेरो, भिक्खु प्रज्ञानन्द, भिक्खु राष्ट्रपाल, भिक्खु धम्मपाल, भिक्खु सारिपुत्र, भिक्खु गुरु शरण, वैदोरा के धम्मशरण, कार्तिक, राजापुर के आनन्द, हैदराबाद के आनन्दराव दुर्गे, मेरठ के डॉ. आलोक वर्मा, नागपुर-दिल्ली के डॉ. प्रेमराज खनखने, लखनऊ के भिक्खु बुद्धशरण, उन्नाव के भिक्खु विवेकद्वीप, भिक्खु संघघोष, संडीला (हरदोई) के भिक्खु शील बोधि, बाल किशन, देव सिंह बौद्ध, एडवोकेट नारायण दास गौतम और दीपा अहिरवार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### उपलब्धि पर मेडिकल कॉलेज में भव्य समारोह आयोजित, चिकित्सा शिक्षा में शोध की अनिवार्यता पर दिया जोर

# आरडी गार्डी के जर्नल ने पूरे किए 4 वर्ष

ब्रह्मास्त्र ⏵⏵ उज्जैन



आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के एनएमसी इंडेक्सिंग सूची में शामिल जर्नल 'सेंट्रल इंडिया जनरल ऑफ मेडिकल रिसर्च' सीआईजेएमआर के चार वर्ष पूर्ण होने पर संस्था में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वीके महाडिक बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुधीर गवारीकर, डीन डॉ. एचई शिरालकर, एकेडमिक डीन डॉ. एसपी धनेरिया और जर्नल के एक्जीक्यूटिव एडिटर डॉ. बीएन मिश्रा मौजूद थे। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने पिछले चार वर्षों का सांख्यिकीय डेटा विस्तार से प्रस्तुत करते हुए बताया कि इन वर्षों में जर्नल ने उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और अब यह एक एनएमसी इंडेक्स जर्नल के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. महाडिक ने जर्नल की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। डॉ. गवारीकर ने शिक्षा में शोध की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया। वहीं कॉलेज के डीन डॉ. शिरालकर और एकेडमिक डीन डॉ. धनेरिया ने जर्नल की निरंतर उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए पूरी टीम की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में जर्नल की सीनियर एडिटर डॉ. मेघा शर्मा ने सभी अतिथियों, शोधकर्ताओं, संपादकीय टीम और उपस्थितजनों का आभार माना। इस आयोजन में कॉलेज की वरिष्ठ एवं जूनियर फैकल्टी के साथ ही बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती में उज्जैन के भीम डांगी ने जीते पदक

ब्रह्मास्त्र ⏵⏵ उज्जैन

इंदौर के चमेली देवी विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में जय भोले जिम के खिलाड़ी भीम डांगी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए हैं।

भीम ने 80 से 90 किलो भार वर्ग में हिस्सा लेते हुए लेफ्ट हैंड और राइट हैंड, दोनों ही श्रेणियों की पंजा कुश्ती में पदकों पर अपना कब्जा जमाया। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से खेल प्रेमियों में हर्ष है। खिलाड़ी की इस विशेष उपलब्धि पर जिम के संचालक राहुल प्रजापत, सह संचालक शुभम प्रजापत और विनोद कुमार प्रजापत ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# समतामूलक समाज के प्रणेता महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई

### जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संस्थाओं ने किया माल्यार्पण, शहर में निकली विशाल वाहन रैली

ब्रह्मास्त्र ⏵⏵ उज्जैन

सत्यशोधक समाज के संस्थापक और समतामूलक समाज की अवधारणा के साथ भेदभाव मुक्त व्यवस्था के हिमायती महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती उज्जैन शहर में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने इंदिरा नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया।

अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। शहर की अन्य अनेक सामाजिक संस्थाओं ने भी माल्यार्पण किया और वक्ताओं ने महात्मा फुले के जीवन व विचारों पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर उज्जैन-आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन विधायक अनिल जैन, महामंत्री जगदीश पांचाल, पार्षद गब्बर भाटी, सरपंच राजेश पुष्पद, गोपाल बगरवाल, पूर्व पार्षद गीता रानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह, पार्षद तिवारी, पूर्व पार्षद राजेश शेट्टी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद थे। जयंती के अवसर पर मेवाड़ा माली समाज द्वारा जयसिंहपुरा से एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ इंदिरा नगर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुआ। रैली के समापन अवसर पर समाजसेवी रवि सोलंकी, सुरेंद्र सांखला, प्रेम बनोपा, सुभाष उत्तप्रिया और विष्णु इंदौर सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी और युवा साथी उपस्थित थे।

इसके साथ ही अखिल भारतीय बौद्ध महासभा उज्जैन द्वारा भी विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर महात्मा फुले को श्रद्धांजलि दी गई।

# पंचकोशी यात्रियों के लिए शीतल जल मंदिर का शुभारंभ, 22 वर्षों से निरंतर जारी है सेवा

### पूज्य श्री गोपालराव सोनोने सेवाश्रम ने आनंदेश्वर महादेव मंदिर पर की व्यवस्था, वितरित की गई आइसक्रीम, पपीता और छाछ

ब्रह्मास्त्र ⏵⏵ उज्जैन




पंचकोशी यात्रियों की सेवा के लिए पूज्य श्री गोपालराव सोनोने सेवाश्रम के तत्वावधान में विगत 22 वर्षों से निरंतर सेवाएं दी जा रही हैं। इसी क्रम में 11 अप्रैल को प्रातः 11 बजे आनंद नगर स्थित हीरा मिल के सामने आनंदेश्वर महादेव मंदिर पर पंचकोशी यात्रियों के लिए शीतल जल मंदिर का शुभारंभ किया गया।

मनोहर परमार और रूप सिंह बुंदेला ने संयुक्त रूप से बताया कि जल मंदिर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि व वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद जैन और शोभा जोशी उपस्थित रहे। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल बागरवाल और अजीत मंगलम ने सपत्नीक आनंदेश्वर महादेव का पूजन किया। पूजन विधि पंडित संतोष शर्मा द्वारा संपन्न कराई गई। इसके पश्चात जल मंदिर की शुरूआत हुई। शुभारंभ अवसर पर अजीत मंगलम द्वारा आइसक्रीम तथा दिनेश टाटावत द्वारा पपीता व छाछ का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में सहयोग स्वरूप अरविंद जैन ने 1000 रुपये एवं शोभा जोशी ने 521 रुपये की राशि प्रदान की।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक महेश सोनोने, संचालक सुनीता सोनोने, प्रेम नारायण टाटावत, रेखा टाटावत, शिवनारायण जागीरदार, लीलाधर आड़तिया, ओम हेरोड़, महेंद्र रामी, पूर्व पार्षद गीता रामी, अनिल लश्करी, कविता राय, महेंद्र कटियार, किशन भाटी, सत्यनारायण कच्छावा, धर्मेंद्र जैन और अशोक कपूर सहित अनेक महानुभावों और श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर महादेव के पूजन-अर्चन तथा यात्रियों को जल वितरण में अपना सहयोग प्रदान किया।

## खबर एक नजर...

### मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष का स्वयंसेवी संस्थाओं ने किया स्वागत

**नीमच।** मध्य प्रदेश राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह ने शनिवार को नीमच के सर्किट हाउस पर मानव अधिकार आयोग मित्र, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारियों से भेट एवं चर्चा की। मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह के सर्किट हाउस नीमच पहुंचने पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल एडीएम श्री बीएस कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया एसडीएम श्री संजीव साहू, सीएस पी सुश्री किरण चौहान एवं मानव अधिकार आयोग मित्रों स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेटकर, आयोग के अध्यक्ष श्री सिंह का आत्मीय स्वागत स्वागत किया। इसके पूर्व मनसा में भी अध्यक्ष का स्वागत समाजसेवी संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।इस अवसर पर आयोग मित्र श्री कमला शंकर विश्वकर्मा, श्री के के जैन, श्री कमला शंकर विश्वकर्मा, बाल कल्याण समिति के श्री प्रवीण कुमार शर्मा, सुश्री माया लालवानी निशक्त कल्याण संगठन के श्री मानक मोदी, संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था के श्री जगदीश शर्मा सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह का स्वागत किया और उनसे भेंट कर चर्चा की।

### 19 अप्रैल को ब्राह्मण समाज मनाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**मन्दसौर।** आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर सकल ब्राह्मण समाज द्वारा आराध्य भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारी को लेकर अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा की अध्यक्षता में रामटेकरी स्थित परशुराम वाटिका में बैठक संपन्न हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 अप्रैल को सुबह पूजन-हवन के पश्चात सायंकाल भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जो संजय उद्यान में संपन्न होगा। इससे पूर्व 18 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम और विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन होगा। समाज ने एक आदर्श संदेश देते हुए निर्णय लिया है कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य और ईंधन की बचत की आवश्यकता को देखते हुए इस वर्ष वाहन रैली नहीं निकाली जाएगी। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल, ब्रजेश जोशी, ललित भारद्वाज, शिक्षाविद रमेशचंद्र चन्द्रे, जितेंद्र व्यास, चेतन जोशी, हरिशंकर शर्मा, हरीश दवे, मोहनलाल शर्मा सहित समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और महिला मंडल की सदस्य उपस्थित थीं।

### उप मुख्यमंत्री ने गांव चलो अभियान के तहत ग्रामीणों से किया संवाद

**मन्दसौर।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने गांव चलो अभियान के तहत जिले के ग्राम मुंदड़ी, सिंदपन, ढाबला चौपाटी और बादपुर सहित विभिन्न गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आम नागरिकों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। श्री देवड़ा ने घोषणा की कि आगामी एक वर्ष में मल्हारगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के जरिए हर खेत तक चंबल का पानी पहुंचाया जाएगा, जिससे सिंचाई और बिजली की समस्या का स्थायी समाधान होगा। उप मुख्यमंत्री ने आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं से गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार आया है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, गांव की स्वच्छता और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

### संयुक्त माली समाज ने समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

**मन्दसौर।** संयुक्त माली समाज मंदसौर द्वारा देश के प्रथम समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती गोल चौराहा स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, भाजपा नेता विजय सुराणा, विनय दुबेला, अनिल कियावत, विनोद डगवार, राजेश गुर्जर, नीलेश जैन, कांग्रेस नेता अजय लोढ़ा, मनोहर नाहटा, मनजीतसिंह मनी, संजय भाटी आदि उपस्थित रहे। इस दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि महात्मा फुले महिला शिक्षा और सामाजिक समरसता के प्रबल हिमायती थे, उन्होंने समाज को नई दिशा दी। कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मियों का विशेष सम्मान किया गया। इसके साथ ही इंडिया टैलेंट सिंगिंग कॉम्पिटिशन में चौथा राउंड जीतकर टॉप-5 में स्थान बनाने वाली नवोदित गायिका अनीता माली का भी माली समाज द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप भाटी ने किया तथा आभार मुकेश गहलोत ने माना।

## मकला पंचायत में जनसहयोग से तालाब की सफाई एवं गाद निकासी का कार्य किया




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जनपद महिदपुर की मकला पंचायत में एक अनुकरणीय जनसहयोग की मिसाल पेश की गई है। ग्रामवासियों और स्थानीय किसानों के सामूहिक प्रयास से तालाब की साफ-सफाई एवं गाद निकासी का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। इस अभियान में आस-पास के 8 किसानों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए तालाब से 47 ट्राली (कुल 110 घन मीटर) गाद एवं मिट्टी का परिवहन किया। इस गाद को उन्होंने अपने खेतों में डाला, जिससे दोहरे लाभ की स्थिति उत्पन्न हुई है। तालाब की जल भरण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे आने वाले मानसून में अधिक पानी संग्रहित हो सकेगा। तालाब की पोषक तत्वों से भरपूर गाद को खेतों में उपयोग करने से भूमि की उर्वरक क्षमता बढ़ी है, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होने की संभावना है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह कार्य पूर्ण रूप से जनसहयोग के माध्यम से किया गया।

### शादी से इंकार पर सोशल मीडिया पर डाले फोटो

**रतलाम।** औद्योगिक क्षेत्र थाना इलाके की रहने वाली एक युवती के शादी से इनकार करने पर नागदा (उज्जैन) के एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर उसके फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है।

## मुख्यमंत्री ने किया बालक भागीरथ के निधन पर शोक व्यक्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बालक भागीरथ की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है, उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। साथ ही मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि बड़नगर तहसील के ग्राम झलारिया में विगत देर शाम को राजस्थान के पाली में रहने वाले प्रवीण देवासी का दो वर्षीय पुत्र भागीरथ खेलते हुए खेत पर बने खुले बोरवेल में गिर कर करीब 60 फीट की गहराई में जाकर फंस गया था।जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रशासन की टीमों ने मौके पर रेस्क्यू अभियान शुरू किया था।गुरुवार रात करीब 9 बजे से युद्ध स्तर पर जारी रेस्क्यू ऑपरेशन शुक्रवार शाम 6 बजे तक जारी रहा। इस दौरान एसडीईआरएफ के जवान बोरवेल में फंसे बच्चे को निकालने के लिए मशक्कत करते रहे। वहीं भोपाल से एनडीईआरएफ की टीम भी रेस्क्यू के लिए झलारिया गांव पहुंच गई। कई बार के लगातार प्रयास के बाद शुक्रवार शाम 6 बजे बच्चे को बोरवेल से मृत अवस्था में बाहर निकाला जा सका। घटना की सूचना मिलने के बाद से ही कलेक्टर और एसपी, अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट सहित प्रशासनिक विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## नित्यानंद आश्रम में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

### 311 मरीजों का हुआ उपचार - विभिन्न रोगों का हुआ निदान - 6 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

श्री केशव भगवान महानिर्वाण शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत नित्यानंद आश्रम में चल रहे विभिन्न धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में शनिवार को इंदौर के सुप्रसिद्ध श्री अरबिंदो हॉस्पिटल के सहयोग से एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञों की टीम ने कुल 311 मरीजों के विभिन्न रोगों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं।

शिविर का भव्य शुभारंभ परम पूज्य श्री श्री 1008 अवधूत नर्मदानन्द बाप जी, श्री आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद जी महाराज, श्री निर्मल पीठाधीश्वर श्री महंत ज्ञानदेव जी महाराज एवं ब्रह्मचारी महेश चन्द्र जी महाराज के पावन सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण और ग्रामीण उपस्थित थे।



शिविर में अरबिंदो हॉस्पिटल के 21 अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। इसमें कैंसर, किडनी, नाक-कान-गला नेत्र रोग और सामान्य बीमारियों के विशेषज्ञों ने मरीजों की बारीकी से जांच की। नेत्र परीक्षण के दौरान 6 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें ऑपरेशन के लिए इंदौर भेजा जाएगा।

जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति, रतलाम द्वारा संचालित इस निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर प्रकोष्ठ के सफल आयोजन पर गुरुदेव परम पूज्य श्री श्री 1008 अवधूत नर्मदानन्द बाप जी ने प्रसन्नता व्यक्त की। शिविर के समापन पर पूज्य गुरुदेव ने सभी डॉक्टरों को अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। गुरुदेव ने हॉस्पिटल की टीम की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्यों से ही समाज का कल्याण संभव है।

सहयोग और आभार इस आयोजन में जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति का विशेष सहयोग रहा। समिति के सदस्यों ने शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रामाश्रय पाण्डेय ने पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

भारतीय रेल इंजीनियर्स सेवा के 1990 बैच के वरिष्ठ अधिकारी श्री रामाश्रय पाण्डेय ने शुक्रवार, 10 अप्रैल, को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले आप पूर्व मध्य रेलवे, पटना में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण/दक्षिण) के पद पर कार्यरत थे।



अपने उत्कृष्ट कैरियर के दौरान श्री पाण्डेय ने उत्तर पूर्व रेलवे के वाराणसी मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में तथा उत्तर रेलवे, नई दिल्ली में मुख्य इंजीनियर के पद पर कार्य किया है। आपने गोरखपुर एवं समस्तीपुर में उप मुख्य इंजीनियर, रेलवे बोर्ड में सदस्य इंजीनियरिंग के विशेष कार्याधिकारी रेलवे बोर्ड में निदेशक सतर्कता तथा हाजीपुर में उप मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित अनेक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएँ दी हैं। आप रेल विकास निगम लिमिटेड में ग्रुप जनरल मैनेजर के रूप में भी कार्यरत रहे, जहाँ आपने कई महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया।

श्री पाण्डेय आईआईटी रुड़की से बी.टेक. तथा आईआईटी दिल्ली से एम.टेक. की डिग्री प्राप्त कर चुके हैं। रेल परिचालन तथा आधारभूत संरचना प्रबंधन के क्षेत्रों में श्री पाण्डेय ने व्यापक अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने इटली में ट्रैक रिकॉर्डिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया, सिंगापुर एवं मलेशिया में एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम पूरा किया, स्पेन में हाई-स्पीड ट्रेन परिचालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा तुर्की एवं नॉर्वे में सुरंग निर्माण तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।श्री पाण्डेय को आधारभूत संरचना के निर्माण तथा प्रबंधन एवं प्रशासन का व्यापक अनुभव प्राप्त है। आप अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच समान रूप से लोकप्रिय हैं और पूर्ण विश्वास है कि आपके गतिशील नेतृत्व में पश्चिम रेलवे नई उपलब्धियाँ हासिल करते हुए नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी।



## शासकीय बा.उ.मा. विद्यालय द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई

**पिपलिया मंडी।** टभारत के महान समाज सुधारक, शिक्षा के अग्रदूत, समता स्वतंत्रता बंधुता और न्याय के पक्षधर महात्मा ज्योतिबा फुले साहब की जयंती के अवसर पर आज.. एकीकृत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन के प्राचार्य श्री बी.आर. सिसोदिया के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले चौराहा पर जाकर महामना ज्योतिबा फुले साहब और क्रांति ज्योति ज्ञान माता सावित्रीबाई फुले को नमन वंदन कर पुष्पार्पण एवं माल्यार्पण कर उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने की शपथ लेते हुए उनकी जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्टाफ के वरिष्ठ सदस्य श्री दीनदयाल सिंह शक्तावत श्रीमती अंजुम शाह नीरज सोनी श्रीमती रीना वर्मा श्रीमती पूनम परमार श्रीमती सीमा बड़वाल श्री नरेश कुमार वर्मा जगदीश चंद्र मेघवाल अंकित चावड़ा गंगा पालडिया विनोद कुमार पाटीदार प्रमोद कुमार बुनकर कन्हैयालाल सेन एवं स्थानीय गणमान्य उपस्थित रहे।

# चर्चित मोनालिसा-फरहान विवाह मामले में नया मोड़, पारधी समुदाय की युवती मोनालिसा निकली नाबालिग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ महेश्वर

चर्चित मोनालिसा-फरहान विवाह मामले में नया मोड़ सामने आया है। भाजपा विधायक राजकुमार मेव, मोनालिसा के माता-पिता और मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मोनालिसा नाबालिग होने के बावजूद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शादी कराई गई। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की जांच में युवती के नाबालिग होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने फरहान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

मध्य प्रदेश के महेश्वर से जुड़े मोनालिसा विवाह मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की जांच के बाद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य के निर्देश पर गठित जांच दल ने मामले की गहन जांच करते हुए पाया कि पारधी जनजाति समुदाय की युवती मोनालिसा नाबालिग है, जबकि उसे बालिग बताकर विवाह कराया गया था।आयोग की जांच में सामने आया कि विवाह के लिए प्रस्तुत जन्म प्रमाण पत्र गलत था। जांच दल ने नगर पालिका महेश्वर द्वारा जारी प्रमाण पत्र की जांच की और इसके बाद महेश्वर के सरकारी अस्पताल के रिकॉर्ड खंगाले। अस्पताल के अभिलेखों के अनुसार मोनालिसा का जन्म 30 दिसंबर 2009 को शाम 5.50 बजे हुआ था। इस आधार पर 11 मार्च 2026 को केरल में हुए विवाह के समय उसकी आयु मात्र 16 वर्ष 2 माह 12 दिन पाई गई।जांच टीम ने यह भी पाया कि पूर्व में जारी जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 1 जनवरी 2008 दर्ज की गई थी, जिसे गलत माना गया।



आयोग के निर्देश पर संबंधित दस्तावेज निरस्त कराने और आवश्यक कार्रवाई के लिए स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए गए।मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विधायक राजकुमार मेव, युवती के माता-पिता और मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने फरहान पर साजिश कर नाबालिग से विवाह कराने का आरोप लगाया। थाना महेश्वर पुलिस ने फरहान के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।

## देर रात शोर मचा रहे दो डीजे वाहन पुलिस ने जब्त किये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

जिला कलेक्टर द्वारा ध्वनि प्रदूषण और कानून-व्यवस्था को लेकर जारी आदेशों के पालन में एसपी विनोद कुमार मीणा के निर्देशन एवं सीएसपी जितेन्द्र सिंह भास्कर के मार्गदर्शन में थाना वायडी नगर पुलिस ने देर रात बिना अनुमति शोर मचा रहे दो डीजे पिकअप वाहनों को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी निरीक्षक शिवांशु मालवीय के नेतृत्व में सउनि अजय सिंह बघेल अपनी टीम के साथ 11 अप्रैल की रात गश्त पर थे। रात करीब २ बजे जग्गाखेड़ी क्षेत्र स्थित मनोकामना रिसॉर्ट के सामने वाली गली में दो डीजे पिकअप वाहन अत्यंत तेज आवाज में बजते हुए पाए गए। जब पुलिस टीम ने मौके पर शादी आयोजकों से डीजे बजाने की अनुमति के संबंध में पूछताछ की, तो वे कोई भी वैध दस्तावेज या अनुमति पत्र पेश नहीं कर पाए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो महिंद्रा पिकअप क्र. आरजे 27 जीएफ 1217 और आरजे 27 जीई 0074 को मौके पर ही जब्त कर लिया।

## दक्षिण पूर्व रेलवे महाप्रबंधक बने अनिल जैन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

भारतीय रेल विभाग को दक्षिण पूर्व रेलवे को एक अनुभवी और दूरदर्शी नेतृत्व प्राप्त हुआ है। भारतीय रेलवे के वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिकारी नीमच निवासी श्री अनिल कुमार जैन ने महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अपनी नवीन नियुक्ति से पूर्व वे उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर में प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता के पद पर कार्यरत थे। उनके इस महत्वपूर्ण पदभार ग्रहण करने से नीमच सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।

भारतीय रेलवे विद्युत सेवा (इ्रकरस्वश्व) के 1990 बैच के वरिष्ठ अधिकारी श्री जैन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रामपुरा से प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने जीईसी, उज्जैन से बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) तथा आईआईटी दिल्ली से एम.टेक. (स्वर्ण पदक) की उपाधि अर्जित की। श्री जैन, श्री रमेश चन्द्र जैन (सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर) एवं श्रीमती पवन कुमारी जैन, निवासी नीमच, के सुपुत्र हैं। उनके भाई श्री मनोज जैन नीमच में,छ्रश्वह्व के पद पर कार्यरत हैं। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती विधु जैन चितौड़गढ़ की निवासी हैं। श्री जैन अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजनों तथा अपने गुरुजनों, विशेष रूप से श्री अरविन्द लक्कड़ को देते हैं, जिन्होंने उनके जीवन में मार्गदर्शन किया। अपने उत्कृष्ट एवं बहुआयामी सेवाकाल में श्री जैन ने भारतीय रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने दक्षिण रेलवे में लगभग 10 वर्षों तक सहायक विद्युत अभियंता, मंडल विद्युत अभियंता तथा उपमुख्य मुख्य विद्युत अभियंता (मुख्यालय) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। आपकी उपलब्धि पर इष्ट मित्रों रेलवे कर्मचारी संघ तथा पेंशनर संघ नीमच ने भी शुभकामनाएं दी है।



## नीमच प्रेस क्लब की बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

जिला प्रेस क्लब की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक शुक्रवार, 10 अप्रैल को आयोजित की गई। बैठक श्याम गुर्जर की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें पत्रकारों के हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नीमच जिला प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर भी आगामी कार्यक्रम मे चर्चा कर रूपरेखा तैयार की जाएगी है। साथ ही क्लब के सभी सदस्यों के साथ एक वृहद आयोजन आयोजित करने पर भी चर्चा की गई, जिससे पत्रकारों के बीच समन्वय और सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। आगामी समय में प्रेस क्लब की गतिविधियों की जानकारी सभी सदस्यों को समय-समय पर दी जाएगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ललित सिंह चुंडावत, कोषाध्यक्ष श्याम सारडा, सह सचिव मुकेश शर्मा, सदस्य राजू दासा नागदा, विधिक सलाहकार भारत सोलंकी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री वल्लभाचार्य की जयंती पर कल निकलेगी शोभायात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

श्री गोवर्धननाथ मंदिर में कल 13 अप्रैल को पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक महाप्रभु श्रीमद् वल्लभाचार्य की जयंती मनाई जाएगी। उत्सव की शुरूआत प्रातः 6 बजे जीवागंज स्थित मंदिर से निकलने वाली प्रभात फेरी से होगी। इसके पश्चात सायंकाल 5 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें महाप्रभु के विग्रह को विराजित किया जाएगा। यह यात्रा जीवागंज से प्रारंभ होकर नयापुरा, कालाखेत, कालिदास मार्ग, सदर बाजार और धानमंडी होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह पूजा-अर्चना की जाएगी। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी और मंदसौर में हुए महासोमयज्ञ पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा।

## ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मृत्यु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

जिले के अफजलपुर थाना क्षेत्र के गुर्जरबर्डिया चौपाटी सीतामऊ मंदसौर रोड़ पर ट्रेक्टर क्र. एमपी 14 एडी 7585 के आरोपी चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटरसाइकिल क्र. एमपी 14 जेडइ 2668 के चालक पंकज पिता देवीलाल पाटीदार निवासी देवरी को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा ३ अप्रैल के रात करीब 9.20 बजे का है। जिसकी रिपोर्ट विनोद पिता सुरेश प्रजापत निवासी पिपल्या कराड़िया ने की। जिस पर ट्रेक्टर चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी - श्री सिंह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह ने बैठक में अधिकारियों से चर्चा में कहा कि समाज में और समुदाय विशेष में यदि बाल विवाह होते हैं तो उनकी रोकथाम के लिए समाज एवं समुदाय विशेष के लोगों में व्यापक जन जागरूकता के प्रयास किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने नीमच जिले में बांछड़ा समुदाय के कल्याण एवं उत्थान के लिए चलाए जा रहे पंख अभियान की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जिले में नगरीय निकायों और जलनिगम के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छ और साफ पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी। मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री सिंह ने जिला प्रशासन नीमच द्वारा संचालित किया जा रहे पंख अभियान नीमच को सराहनीय पहल बताया। कलेक्टर ने अवगत कराया कि नीमच जिले में नागरिकों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए गांधी सागर से हर घर नल से जल योजना का कार्य तेजी से चल रहा है

## शराब की लत से मुक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला 12 अप्रैल को

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

शराब (अतिमद्यपान) की समस्या से जूझ रहे लोगों को मार्गदर्शन देने के लिए एल्कोहोलिक्स एनोनिमस (एए) के प्रशांति ग्रुप द्वारा रविवार, 12अप्रैल को होटल समता सागर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। संस्था के अनुसार, 12 कदमों के कार्यक्रम के माध्यम से शराब की लत को एक बीमारी मानते हुए उससे उबरने में सहायता दी जाती है। रतलाम सहित आसपास के क्षेत्रों में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और कई लोग सामान्य जीवन की ओर लौटे हैं।

## लापता बालिका को ढूँढा, 13 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई करते हुए शहर कोतवाली मंदसौर पुलिस ने 10 माह पूर्व अलावदाखेड़ी से अपहृत हुई 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को नीमच के कानाखेड़ा से सुरक्षित बरामद कर लिया है। उल्लेखनीय है कि 13 जून 2025 को बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद से पुलिस टीमें लगातार साइबर सेल की मदद से नीमच और राजस्थान के विभिन्न इलाकों में दबिश दे रही थीं। अंततः 11 अप्रैल को पुलिस ने बालिका को बरामद कर आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। बालिका के कथनों के आधार पर प्रकरण में पाक्सो एक्ट और बलात्कार संबंधी धाराएं बढ़ाई गई हैं। पकड़ा गया आरोपी शातिर अपराधी है, जो थाना पिपलियामंडी के वर्ष 2013 के एक नकबजनी के मामले में भी पिछले 13 वर्षों से फरार चल रहा था।

## कांग्रेस ने फुलेबा एवं कस्तूरबा गांधी की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

महात्मा ज्योतिबाफुले एवं कस्तूरबा गांधी की जयंती शनिवार को प्रातः 10 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाई गई,सर्वप्रथम ज्योतिबाफुले की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर मौजूद कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण किया।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबाफुले (1827-1890) 19 वी सदी के प्रमुख भारतीय समाज सुधारक थे, जिनके विचारों का केंद्र सामाजिक समानता, शिक्षा और जाति विरोधी संघर्ष था। उनके मुख्य विचार स्त्री पुरुष समानता,निचली जातियों के सशक्तिकरण, तर्कवाद ओर धर्म मे व्याप्त पांखड के विरोध पर आधारित थे।शर्मा ने कहा कि कस्तुरबा गांधी को दक्षिण अफ्रीका ओर भारत मे ब्रिटिश सरकार द्वारा कई बार जेल में डाला गया था।उन्होंने 1913 में दक्षिण अफ्रीका में अन्यायपूर्ण विवाह कानूनों के खिलाफ संघर्ष करते हुवे पहलीबार जेल की सजा काटी ओर बाद में भारत मे स्वतंत्रता आंदोलनों विशेषकर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान पुणे की आगा खान पैलेस जेल में अंतिम समय तक कैद रही। मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि फुलेबा का द्रढ विश्वास था कि शिक्षा विशेषकर स्त्री और शूद्रों की ही सामाजिक दक्षता से मुक्ति का एकमात्र मार्ग है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा माली,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष तुलसीराम पाटीदार,अनिल बोराना,नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता,माली समाज के वरिष्ठ, कांग्रेस नेता भूपेंद्र महावर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर पूर्व नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या,नव नियुक्त मंडलम अध्यक्ष विष्णु फरक्या घीसालाल उणियारा, बंशीलाल पाटीदार पटेल,दिनेश गुप्ता काचरिया, जिला कांग्रेस के सचिव अनिता खोखर, किशनलाल चौहान,महेंद्र गेहलोत, अनिल गुर्जर, गोपाल राठौर, छोटेलाल सैनी, अनिल मूलासिया,राजुभाई शर्मा, राहुल पाटीदार,जानकीलाल टेलर, मनोहर जाधव, दशरथ सुथार,जयंतीलाल भंडारी, जयदीप राठौर,अंकित मूंदड़ा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

इसी तरह माली समाज के वरिष्ठ कचरमल राठौर, फौजी भाई भंवरलाल सैनी,पूर्व पार्षद मन्नालाल राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।इस उपलक्ष्य में युवा संगठन द्वारा वाहन रैली भी निकाली गई।





## एस एस वेयरहाउस रोजाना पर जावरा मार्केटिंग द्वारा किया गेहूँ खरीदी का शुभारंभ

**जावरा ।** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का शुभारंभ जावरा मार्केटिंग द्वारा एस एस वेयरहाउस रोजाना पर किया गया। मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष पिंकेश मेहरा मार्केटिंग डायरेक्टर देवेंद्र शर्मा दिलीप शाकल्य हरिराम शाह रतन लाकड अभय कोठारी वीरेंद्र सिंह चौहान राजाराम जाट सुलेमान भाई सलीम बाबा रईस भाई तुलावटी संग अध्यक्ष प्रमोद शाकल्य मदन पाल पुन्धिर एवं किसानो के साथ गाव के सरपंच भी साथ थे । स्वागत भाषण शिव कुमार द्विवेदी ने दिया । संस्था के चेयरमेन मेहरा ने बताया की सस्था किसानो की सेवा के लिए सदेव तत्पर है। किसी भी किसान को मॉल की तुलाई में कोई भी दिक्कत ना आये कोई भी किसान परेशान ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखे। सर्वप्रथम ग्राम मुंडला राम के किसान जीतेन्द्र सिंह का संस्था के चेयरमेन मेहरा द्वारा पुष्प माला से स्वागत कर मॉल तोलने का कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक बोरदिया एवं आभार वेयरहॉउस संचालक सुलेमान भाई द्वारा किया गया।



# रणवीर सिंह ने मोहन भागवत से मुलाकात की

## नागपुर में रेशिमबाग स्मृति मंदिर पहुंचे, आरएसएस के संस्थापक हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार के मेमोरियल पर गए। जहां उन्होंने उन्हें श्रद्धांजलि दी और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात की।

पीटीआई की रिपोर्ट में बताया गया कि एक्टर ने संघ के दूसरे सरसंघचालक एम एस गोलवलकर के मेमोरियल पर जाकर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी। रणवीर दोपहर करीब 4 बजे मुंबई से चार्टर्ड फ्लाइट से नागपुर पहुंचे। वे रेशिमबाग स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर परिसर गए, जो आरएसएस से जुड़ा प्रमुख स्थान है। आरएसएस से जुड़े लोगों ने रेशिमबाग स्थित स्मृति भवन में उनके दौरे की पुष्टि की है। हालांकि, उनके इस दौरे का उद्देश्य साफ नहीं किया गया।

**संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा की-** रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि दौरा छोटा, लेकिन अहम रहा। उन्होंने आरएसएस पदाधिकारियों के साथ कई विषयों पर बातचीत की, हालांकि इन चर्चाओं की जानकारी पब्लिक नहीं की गई है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने भी उनके आने और जाने की पुष्टि की। रणवीर सिंह शाम करीब 8 बजे वापस मुंबई लौट गए। एक फैन द्वारा क्लिक की गई रणवीर सिंह के नागपुर दौरे की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई है।

# थलापति विजय की फिल्म जन नायकन ऑनलाइन लीक

## पूजा हेगड़े ने बताया दुखद, फैंस से थिएटर में देखने की अपील, पाइरेसी के खिलाफ सख्त संदेश दिया




तमिल सुपरस्टार थलापति विजय की अपकमिंग फिल्म जन नायकन ऑनलाइन लीक होने के बाद इंडस्ट्री में चिंता बढ़ी है। फिल्म की फीमेल लीड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने इसे दुखद बताया और दर्शकों से इसे थिएटर में देखने की अपील की।

पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा कि फिल्म सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि हजारों लोगों की मेहनत, क्रिएटिविटी और त्याग का नतीजा होती है। उन्होंने कहा कि लीक होना तकनीशियन और कलाकार के सम्मान को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने फैंस से अपील की कि वे पाइरेसी को बढ़ावा न दें और फिल्म को बड़े पर्दे पर एंजॉय करें।

इससे पहले भी कई सेलेब्स, जिनमें रजनीकांत, चिरंजीवी, सूर्या और सिवकार्तिकेयन शामिल हैं, इस लीक पर नाराजगी जता चुके हैं।

फिल्म के मेकर्स ने सख्त बयान जारी कर कहा कि यह गंभीर डिजिटल पाइरेसी का मामला है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

बढ़ते विवाद के बीच मेकर्स ने अभी तक आधिकारिक रिलीज डेट घोषित नहीं की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है और इसे विजय की आखिरी फिल्म बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि फिल्म 22 जून 2026 को विजय के 52वें जन्मदिन पर रिलीज हो सकती है।



# सिंगर आशा भोसले अस्पताल में भर्ती

## ज्यादा थकान और छाती के इन्फेक्शन से बिगड़ी तबीयत, पोती जनाई ने दी हेल्थ अपडेट

बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर आशा भोसले को शनिवार शाम मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें ज्यादा थकान और छाती में इन्फेक्शन की शिकायत है। पहले जानकारी आई थी कि उन्हें हार्ट अटैक आया है। हालांकि, उनकी पोती जनाई भोसले ने इंस्टाग्राम पर बताया- मेरी दादी आशा भोसले, बहुत ज्यादा थकान और छाती के इन्फेक्शन की वजह से अस्पताल में भर्ती हैं। उनका इलाज चल रहा है और उम्मीद है कि सब ठीक हो जाएगा। हम आपको जल्द ही अच्छी खबर देंगे।

**12,000 से ज्यादा गाने गाए-** आशा भोसले ने अपने करियर में 12,000 से ज्यादा गाने गा चुकी हैं। उनके दम मारो दम, पिया तू अब तो आजा और चुरा लिया है तुमने जैसे गाने आज भी सदाबहार हैं। आशा भोसले के लिए संगीत का सफर इतना भी आसान नहीं था। आशा भोसले मशहूर थिएटर एक्टर और क्लासिकल सिंगर दीनानाथ मंगेशकर की बेटी और महान गायिका लता मंगेशकर की छोटी बहन हैं। जब वो सिर्फ 9 साल की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था, जिसकी वजह से उन्होंने बहन लता मंगेशकर के साथ मिलकर परिवार को सपोर्ट करने के लिए सिंगिंग शुरू कर दी थी। 16 साल की उम्र में जब आशा भोसले ने भागकर परिवार वालों के खिलाफ बड़ी बहन लता मंगेशकर के सेक्रेटरी गणपतराव भोसले से शादी की थी।

# डकैत एक प्रेम कथाः मृणाल ठाकुर की दमदार एक्टिंग

**लेकिन कमजोर स्क्रीनप्ले**

डकैतः एक प्रेम कथा एक ऐसी फिल्म है जो शुरूआत में लव स्टोरी लगती है, लेकिन धीरे-धीरे इमोशनल और गहरी कहानी में बदल जाती है। डायरेक्टर शनेल देव ने इसमें रिश्तों, हालात और फैसलों के असर को दिखाने की कोशिश की है।

फिल्म का ट्रीटमेंट थोड़ा अलग रखने की कोशिश की गई है, जहां कहानी सीधी न होकर परतों में आगे बढ़ती है। हालांकि, यह अंदाज हर दर्शक को पूरी तरह बांध पाए, ऐसा जरूरी नहीं। फिल्म की कहानी कहानी हरि, यानी अदिवि शेष और सरस्वती उर्फ जूलियट, यानी मृणाल ठाकुर के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। यह एक ऐसा रिश्ता है, जो प्यार से शुरू होकर धोखे और हालातों में टूट जाता है। दोनों अलग-अलग बैकग्राउंड से आते हैं और एक-दूसरे से प्यार करते हैं, लेकिन यही रिश्ता उनके लिए परेशानी बन जाता है। एक झूठ और हालातों के दबाव में सरस्वती की गवाही, हरि को जेल पहुंचा देती है। सालों जेल में रहने के बाद हरि बाहर निकलता है। अब उसका मकसद सिर्फ आजादी नहीं है, बल्कि अपने अतीत से हिसाब बराबर करना भी है। इसके लिए वह देश छोड़कर भागने की योजना बनाता है और उसे पैसों की जरूरत होती है। इसी बीच हरि की मुलाकात फिर से सरस्वती से होती है। अब वह एक अलग जिंदगी जी रही है और खुद भी बड़ी मजबूरी में फंसी हुई है। हालात ऐसे बनते हैं कि दोनों को साथ आना पड़ता है। वे मिलकर एक बड़ा और जोखिम भरा कदम उठाने का फैसला करते हैं। यहीं से कहानी नया मोड़ लेती है। प्यार, बदला और मजबूरी तीनों एक साथ टकराते हैं। फिल्म इसी टकराव के जरिए दिखाती है कि वक्त और हालात कैसे रिश्तों को बदल देते हैं और कैसे कुछ फैसले पूरी जिंदगी की दिशा बदल देते हैं।








**फिल्म में एक्टिंग-** फिल्म में अदिवि शेष हर सीन में पूरी तरह नजर आते हैं। उन्होंने अपने किरदार को अलग बनाने की कोशिश की है। हालांकि, कुछ जगहों पर उनका प्रदर्शन थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला लगता है। मृणाल ठाकुर फिल्म की सबसे मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने अपने किरदार की भावनाओं को अच्छे तरीके से निभाया है और कई सीन में असर छोड़ती हैं। सपोर्टिंग कास्ट में अनुराग कश्यप, प्रकाश राज और अतुल कुलकर्णी जैसे कलाकार हैं, लेकिन उन्हें ज्यादा स्क्रीन टाइम नहीं मिला।

### फिल्म का डायरेक्शन, स्टोरी और टेक्निकल पहलू

- शनेल देव ने कहानी को लेयर्स में दिखाने की कोशिश की है। फिल्म का पहला हिस्सा थोड़ा धीमा लगता है। वहीं दूसरा हिस्सा कहानी को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाता है।
- स्क्रीनप्ले में उतार-चढ़ाव है। इसकी वजह से कुछ जगह फिल्म की पकड़ कमजोर पड़ती है। सिनेमैटोग्राफी अच्छी है और विजुअल ट्रीटमेंट काफी प्रभावित करता है। बैकग्राउंड म्यूजिक भी कई सीन में फिल्म को सपोर्ट करता है।
- हालांकि, कुछ सीन और एक्शन सीक्वेंस उतने असरदार नहीं बन पाते। इसी वजह से फिल्म पूरी तरह से अपना असर नहीं छोड़ पाती।
- फिल्म का म्यूजिक और बैकग्राउंड स्कोर फिल्म के गाने औसत हैं और ज्यादा देर तक याद नहीं रहते। बैकग्राउंड स्कोर जरूर फिल्म की मजबूती है, जो कई सीन को बेहतर बनाता है।
- फिल्म को लेकर फाइनल वर्डिक्ट डकैतः एक प्रेम कथा एक ऐसी फिल्म है जो एक अलग अंदाज में रिश्तों और हालातों की कहानी कहने की कोशिश करती है। इसमें अच्छे कलाकार और कुछ प्रभावशाली पल हैं, लेकिन कमजोर पकड़ इसे और बेहतर बनने से रोकती है। कुल मिलाकर, यह एक शांत और साधारण फिल्म है जिसे आप एक बार देख सकते हैं।

## आईपीएल में कैसा खेल रहे टी-20 वर्ल्ड चैंपियंसः संजू सैमसन ने शतक लगाया

# चक्रवर्ती-बुमराह को विकेट नहीं मिल रहे

**रिंकू, हार्दिक और अर्शदीप फ्लॉप**



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल में 19वें सीजन के 18 मैच खत्म हो चुके हैं। भारत को टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले 15 प्लेयर्स अलग-अलग टीमों में खेल रहे हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन ने शनिवार को ही शतक लगा दिया। उनके साथी अभिषेक शर्मा ने भी 74 रन की पारी खेली।

हालांकि, वर्ल्ड कप के 2 टॉप विकेट टेकर वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह आईपीएल में विकेट के लिए तरस जा रहे हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल का प्रदर्शन भी बहुत फीका चल रहा है। वर्ल्ड कप में खराब स्ट्राइक रेट से बैटिंग करने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव भी अब तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।

**ओपनर्स शनिवार को चमके-** आईपीएल के 18 मैचों में 10 टीमों से 22 प्लेयर्स ने ओपनिंग की। वर्ल्ड कप खेलने वाले अभिषेक शर्मा सनराइजर्स हैदराबाद और संजू सैमसन चेन्नई सुपर किंग्स से खेल रहे हैं। टूर्नामेंट में अभिषेक 5वें और सैमसन तीसरे बेस्ट स्कोरर हैं। राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल टॉप-2 पोजिशन पर हैं। अभिषेक शुरूआती 3 मैचों में 55 रन ही बना सके। हालांकि, शनिवार को पंजाब के खिलाफ उन्होंने 28 गेंद पर ही 74 रन बना दिए। उन्होंने 8 छक्के और 5 चौके लगाए। वे 129 रन बनाकर टूर्नामेंट के पांचवें बेस्ट ओपनर हैं। संजू भी शुरूआती 3 मैचों में फ्लॉप रहे, उनके बैट से तो 22 रन ही निकले। शनिवार को दिल्ली के खिलाफ उन्होंने 56 गेंद पर 115 रन की नॉटआउट पारी खेल दी। उन्होंने 15 चौके और 4 छक्के लगाए। वे 137 रन बनाकर टूर्नामेंट के तीसरे बेस्ट ओपनर हैं।

**एक ही फिनिशर रन बना पा रहा-** शिवम दुबे और रिंकू सिंह ने वर्ल्ड कप में फिनिशर की भूमिका निभाई थी। आईपीएल में 49 प्लेयर्स ने 6 से 8 नंबर पर बैटिंग की है। इनमें 12 प्लेयर्स ने 30 प्लस रन बनाए। इनमें 250 प्लस का स्ट्राइक रेट अकेले सरफराज खान का रहा। उनके बाद एसआरएच के अनिकेत वर्मा ने 195 प्लस के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। दुबे ने 164.81 के स्ट्राइक रेट से 89 रन बनाए। स्ट्राइक रेट के मामले में वे तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 4 छक्के और 9 चौके लगाए। सिक्स लगाने में दुबे चौथे और चौके लगाने में पहले नंबर पर हैं। रिंकू ने 4 मैचों में 72 रन जरूर बनाए, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 135 का ही रहा। ज्यादातर मौकों पर उन्होंने मिडिल ऑर्डर में बैटिंग की, इसके बावजूद वे कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ सके। वे एक ही सिक्स लगा सके। स्ट्राइक रेट के मामले में रिंकू 12 प्लेयर्स में 8वें नंबर पर हैं।

**विकेट को तरस गए स्पिनर वरुण-** टी-20 वर्ल्ड कप में 14 विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती विकेट को तरस गए हैं। टूर्नामेंट के 30 स्पिनर्स में वे आखिरी नंबर पर हैं। दूसरी ओर एक ही वर्ल्ड कप मैच खेलने वाले कुलदीप विकेट लेने वाले स्पिनर्स में 8वें नंबर पर चल रहे हैं। आईपीएल में राजस्थान के रवि बिश्नोई नंबर-1 और एसआरएच के हर्ष दुबे दूसरे नंबर पर हैं। वरुण ने 4 में से 2 मैच खेले और 6 ओवर में 13 प्लस की इकोनॉमी से 79 रन खर्च कर दिए। वे अपने कोटे के 8 ओवर भी नहीं फेंक सके। दूसरे मुकाबले के बाद वे इंजर्ड हो गए और बाकी 2 मैच नहीं खेल सके। कुलदीप ने भी 4 मैच खेले, लेकिन 3 विकेट ही ले सके। उनकी इकोनॉमी भी 10 के करीब पहुंच गई। कुलदीप ने 3 में से 2 विकेट एक ही मैच में लिए, यानी 2 मुकाबलों में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

**बुमराह को भी विकेट नहीं मिल रहे-** वर्ल्ड कप में वरुण के बराबर 14 विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह भी आईपीएल में विकेट को तरस गए हैं। उनके बाद दूसरे टॉप विकेट टेकर रहे अर्शदीप सिंह को 4 में से 3 मुकाबलों में विकेट नहीं मिला। मोहम्मद सिराज भी कुछ खास नहीं कर पाए। आईपीएल में 50 पेसर्स ने बॉलिंग की, चेन्नई के अंशुल कम्बोज 8 और गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 6 विकेट के साथ टॉप-2 पर हैं। बुमराह ने 3 मैच खेले, लेकिन एक भी विकेट नहीं लिया। हालांकि, उनकी इकोनॉमी जरूर 8 की रही। जो 4 से ज्यादा ओवर फेंकने वाले पेसर्स में तीसरी बेस्ट है। हालांकि, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने जरूर उनके खिलाफ 2 सिक्स लगा दिए थे। अर्शदीप 4 मैचों में 2 विकेट ही ले सके, उनके दोनों विकेट एक ही मुकाबले में आए। यानी बाकी 3 मैचों में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। उनकी इकोनॉमी भी 10.50 से ज्यादा रही। विकेट टेकर्स में वे टॉप-25 से भी बाहर हैं। सिराज ने वर्ल्ड कप में एक ही मैच खेला, लेकिन 3 विकेट झटक लिए थे। आईपीएल में उन्होंने 3 मुकाबले खेल लिए, लेकिन 2 ही विकेट मिले। उनकी इकोनॉमी 11.5 रही। विकेट लेने वाले पेसर्स में वे टॉप-30 से बाहर हैं।

## आईपीएल में लगातार तीन हार के बाद जीती चेन्नई



**दिल्ली को 23 रन से हराया, सैमसन का शतक**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में पहली जीत हासिल कर ली है। लगातार तीन हार के बाद चेन्नई को यह कामयाबी नसीब हुई है। उसने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराया। चेपॉक स्टेडियम में डीसी ने गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने 20 ओवर के बाद 2 विकेट पर 212 रन बनाए। जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 10 विकेट पर 189 रन ही बना सकी। जैमी ओवर्टन ने 18 रन देकर 4 विकेट झटके। संजू सैमसन ने तीसरी टीम से शतक लगाया चेन्नई की ओर से संजू सैमसन ने शतकीय पारी खेली। उन्होंने तीसरी टीम से शतक लगाया है। इससे पहले वे राजस्थान से 2 और दिल्ली से एक शतक लगा चुके हैं। संजू को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**आयुष म्हात्रे ने फिफ्टी लगाई-** दिल्ली की ओर से स्टब्स की फिफ्टी दिल्ली की पारी में नंबर-6 पर बल्लेबाजी करने उतरे ट्रिस्टन स्टब्स ने 38 बॉल पर 60 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उनकी पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। चेन्नई की टीम सीजन की पहली जीत से पॉइंट्स टेबल के नंबर-9 पर है। वहीं, दिल्ली लगातार दूसरी हार के बाद नंबर-4 पर है। चेन्नई के पास 2 और दिल्ली के पास 4 अंक हैं। दिन का पहला मैच जीतने वाली पंजाब की टीम दूसरे स्थान पर हैं। पंजाब के पास 7 अंक हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### ईरान का दावा- कतर में पड़े

## ईरानी फंड्स को अनफ्रीज करने पर सहमति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

पाकिस्तान में अमेरिका-ईरान शांति वार्ता से पहले कतर में फ्रीज छह अरब डॉलर की ईरानी संपत्ति को अनफ्रीज करने की तैयारी है। ईरान से जुड़े सूत्रों के अनुसार अमेरिका ने इसपर सहमति दे दी है। हालांकि अमेरिका ने इसका खंडन कर दिया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

अमेरिका कतर और अन्य विदेशी बैंकों में जमा ईरानी संपत्तियों को जारी करने पर सहमत हो गया है, एक एक वरिष्ठ ईरानी सूत्र के हवाले से शनिवार को यह खबर आई, लेकिन एक अमेरिकी अधिकारी ने तुरंत इस दावे का खंडन कर दिया। एक वरिष्ठ ईरानी सूत्र ने इस कथित अमेरिकी कदम का स्वागत करते हुए इसे इस्लामाबाद में वाशिंगटन के साथ वार्ता में समझौता करने के प्रति गंभीरता का संकेत बताया। सूत्र ने कहा कि यह ईरान की उन मांगों में से एक थी जो उसने अमेरिकी पक्ष को भेजे गए संदेशों में रखी थीं और तेहरान को संपत्तियों को अनफ्रीज करने करने के लिए अमेरिका से सहमति मिल चुकी है। हालांकि अमेरिकी पक्ष की ओर से इसका खंडन किया गया है। दोनों देशों के बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बातचीत चल रही है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका कतर और अन्य विदेशी बैंकों में फ्रीज की गई ईरानी संपत्ति को जारी करने पर सहमत हो गया है। एक वरिष्ठ ईरानी सूत्र ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे वाशिंगटन की ओर से समझौते तक पहुंचने की दिशा में 'गंभीरता' के संकेत के रूप में बताया है। यह कदम न केवल संकटग्रस्त ईरानी अर्थव्यवस्था के लिए राहत ला सकता है, बल्कि वैश्विक व्यापार के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के कूटनीतिक प्रयासों से भी सीधा जुड़ा हुआ है।

### गर्मियों में बिजली संकट रोकने के लिए सरकार का प्लान

# मंत्रालय ने थर्मल पावर प्लांट का शटडाउन टाला



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गर्मियों में बिजली की चरम मांग पूरी करने के लिए ऊर्जा मंत्रालय ने थर्मल पावर प्लांट का शटडाउन टाल दिया है। 10,000 एमडब्ल्यू अतिरिक्त बिजली और अगले तीन महीनों में जुड़ने वाली नई 22,361 एमडब्ल्यू क्षमता से जुड़ी यह अहम रिपोर्ट पढ़ें।

गर्मियों के दौरान बिजली की चरम मांग को पूरा करने और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आपूर्ति को मजबूत करने के लिए भारत सरकार ने बड़ा रणनीतिक कदम उठाया है। ऊर्जा मंत्रालय ने थर्मल पावर प्लांट के सालाना मेंटेनेंस शटडाउन को टालने का फैसला किया है, जिससे ग्रिड में 10,000 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी।

**पश्चिम एशिया संकट से हुए नुकसान की भरपाई-** ऊर्जा मंत्रालय के अपर सचिव पीयूष सिंह ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि बिजली संयंत्रों के मशीनों के रखरखाव के लिए सालाना शटडाउन लेना पड़ता है, लेकिन पीक डिमांड के दौरान बिजली उपलब्ध कराने के लिए इसे फिलहाल टाल दिया गया है। यह 10,000 मेगावाट की अतिरिक्त पीढ़ी उस 8,000 मेगावाट क्षमता के नुकसान की आसानी से भरपाई कर देगी, जो पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति बाधित होने से हुई थी। तात्कालिक आपूर्ति के दबाव को कम करने के लिए आयातित कोयला-आधारित संयंत्रों को पूरी तरह से चालू किया जा रहा है और थर्मल स्टेशनों पर कोयले का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जा रहा है।

**50% क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से, जुड़ेंगे नए प्रोजेक्ट्स-** भारत का बिजली सिस्टम वर्तमान में मजबूत, अच्छी तरह से विविध और मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार है। देश की कुल स्थापित बिजली क्षमता 531 गीगावाट को पार कर गई है। इसमें कोयला, हाइड्रो, परमाणु और नवीकरणीय ऊर्जा के समर्थन से गैर-जीवाश्म स्रोतों की हिस्सेदारी अब कुल क्षमता के 50 प्रतिशत से अधिक हो गई है। मंत्रालय के अनुसार, अगले तीन महीनों के भीतर 22,361 मेगावाट की नई बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ी जाएगी। इस विस्तार में 10,000 मेगावाट सौर ऊर्जा, 3,500 मेगावाट थर्मल, 3,461 मेगावाट हाइब्रिड (सौर और पवन), 2,400 मेगावाट पवन ऊर्जा, 1,900 मेगावाट बैटरी स्टोरेज, 750 मेगावाट हाइड्रो और 250 मेगावाट पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इसके अलावा, लगभग 5 लाख सर्किट किलोमीटर का ट्रांसमिशन नेटवर्क और 120 जीडब्ल्यू से अधिक की अंतर-क्षेत्रीय स्थानांतरण क्षमता देश भर में बिजली के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करती है।

### भविष्य का रोडमैपः 2032 तक 874 जीडब्ल्यू क्षमता का लक्ष्य

लंबी अवधि के दृष्टिकोण से, 2031-32 तक भारत की स्थापित बिजली क्षमता बढ़कर लगभग 874 गीगावाट होने का अनुमान है। इसमें गैर-जीवाश्म स्रोतों की हिस्सेदारी 67 प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है। सरकार की योजना ऊर्जा भंडारण क्षमता को 300 जीडब्ल्यूएच तक और ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे को 6.5 लाख सर्किट किलोमीटर तक विस्तारित करने की है, जिसमें 167 जीडब्ल्यू की अंतर-क्षेत्रीय स्थानांतरण क्षमता होगी। हाल के वर्षों में किसी भी नए गैस-आधारित या आयातित कोयला-आधारित पावर प्लांट की योजना नहीं बनाई गई है, बल्कि घरेलू ईंधन स्रोतों के साथ मौजूदा संपत्तियों को संरेखित करने पर ही पूरा ध्यान केंद्रित किया गया है।

### केंद्र सरकार ने दिया बड़ा झटका

## डीजल पर एक्साइज ड्यूटी बढ़कर 24 रुपये प्रति लीटर, इंफ्रा सेस 36 रुपये




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान-इजरायल तनाव के बीच केंद्र सरकार ने राजस्व बढ़ाने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने हाई-स्पीड डीजल पर स्पेशल एक्साइज ड्यूटी को बढ़ाकर 24 रुपये प्रति लीटर कर दिया है, जबकि सड़क एवं अवसंरचना विकास सेस को 36 रुपय प्रति लीटर कर दिया गया है।

**डीजल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़कर हुई 55.5 रुपये प्रति लीटर-** इस फैसले के साथ डीजल पर कुल टैक्स बोझ काफी बढ़ गया है। पहले स्पेशल एक्साइज ड्यूटी और इंफ्रा सेस मिलाकर जो राशि थी, उसमें अब भारी इजाफा हुआ है। साथ ही डीजल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी भी 1.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर भी ड्यूटी 29.5 रुपये से बढ़ाकर 42 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। हालांकि पेट्रोल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी को शून्य ही रखा गया है।


**फैसला तुरंत प्रभाव से लागू-** वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार यह फैसला तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार का मानना है कि बढ़ते वित्तीय दबाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच राजस्व बढ़ाने के लिए यह कदम जरूरी था। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बढ़ोतरी से सरकार को अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और अन्य योजनाओं में इस्तेमाल किया जाएगा।

**आम जनता और ट्रांसपोर्ट पर असर-** डीजल के दाम बढ़ने से माल ढुलाई की लागत बढ़ सकती है, जिसका सीधा असर जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर पड? की आशंका है। ट्रक ऑपरेटर्स, लॉजिस्टिक्स कंपनियां और किसान इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। हालांकि, अभी पेट्रोल पंपों पर रिटेल दामों में तत्काल बदलाव की कोई खबर नहीं है।

### आरबीआई का 2 लाख करोड़ का वीआरआरआर ऑक्शन

# कोल इंडिया ने रोका महंगाई का असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




भारतीय कॉरपोरेट और वित्तीय क्षेत्र में महत्वपूर्ण घटनाक्रम दर्ज किए गए हैं, जो ऊर्जा आपूर्ति, नकदी प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व की दिशा तय करते हैं। एक तरफ जहां देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया (सीआईएल) ने बढ़ती लागत का बोझ खुद उठाकर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है, वहीं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग सिस्टम में अतिरिक्त नकदी के प्रबंधन के लिए बड़े कदम की घोषणा की है। इसके अलावा, महारत्न कंपनी भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) को संजय खन्ना के रूप में नया अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मिला है।

**कोल इंडिया ने उठाया बढ़ती लागत का बोझ, उत्पादन में गिरावट-** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया ने विस्फोटकों और औद्योगिक डीजल की बढ़ती कीमतों के झटके को खुद अवशोषित कर लिया है ताकि इसका व्यापक असर उपभोक्ताओं पर न पड़े और किफायती दामों पर कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। पश्चिम एशिया संकट के बाद से अमोनियम नाइट्रेट (विस्फोटकों का 60% हिस्सा) की कीमत युद्ध-पूर्व के 50,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन से 44 प्रतिशत बढ़कर 1 अप्रैल 2026 तक 72,750 रुपये प्रति मीट्रिक टन हो गई है। इसके परिणामस्वरूप मार्च अंत तक विस्फोटकों की औसत लागत 26 प्रतिशत बढ़ गई है। इसी तरह, मध्य मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 के बीच औद्योगिक डीजल की कीमत 92 रुपये से बढ़कर 142 रुपये प्रति लीटर (54% की वृद्धि) हो गई है। इन सबके बावजूद, सीआईएल की कुछ सहायक कंपनियों ने सिंगल विंडो ई-ऑक्शन में कोयले का रिजर्व प्राइस घटाया है और ऑक्शन की फ्रीक्वेंसी भी बढ़ाई है। हालांकि, वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का कोयला उत्पादन 1.7 प्रतिशत गिरकर 768.1 मिलियन टन रह गया है।

### आरबीआई का दो लाख करोड़ का वीआरआर ऑक्शन

बैंकिंग प्रणाली में मौजूद अतिरिक्त तरलता को संतुलित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक 2 लाख करोड़ रुपये का 7-दिवसीय वैरिएबल रेट रिवर्स रेपो ऑक्शन आयोजित करेगा। सरकारी प्रतिभूतियों के परिपक्व होने के कारण बैंकिंग सिस्टम में भारी नकदी अधिशेष हो गया है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, बैंकिंग सिस्टम में लगभग 4.55 लाख करोड़ रुपये का अधिशेष होने का अनुमान है। 8 अप्रैल को 31,329 करोड़ रुपये के जीसेक्स परिपक्व हुए हैं, जबकि 12 और 17 अप्रैल को भी बड़ी राशि की परिपक्वताएं निर्धारित हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद स्पष्ट किया कि केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था की उत्पादक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तरलता प्रबंधन में सक्रिय और एहतियाती कदम उठाना जारी रखेगा।

### एल्युमिनियम पार्क के लिए

# एमओयू, डाउनस्ट्रीम कंपनियों के साथ वेदांता एल्युमीनियम की साझेदारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वेदांता एल्युमिनियम के सीईओ राजीव कुमार ने कहा, 'वेदांता एल्युमिनियम पार्क हमारी उस प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसमें हम केवल प्राथमिक उत्पादन तक सीमित नहीं रहकर वैल्यू एडेड विनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।' भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमिनियम ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में प्रस्तावित वेदांता एल्युमिनियम पार्क के भीतर डाउनस्ट्रीम एल्युमिनियम निर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए दो प्रमुख कंपनियों, सिंघल स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड और स्कॉट-एल मेटकॉन प्राइवेट लिमिटेड (स्कॉटिश केमिकल इंडस्ट्रीज और यूएल इंडस्ट्रीज की सहयोगी कंपनी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**ओडिशा में 500 करोड़ रुपये का निवेश आएगा-** एमओयू हस्ताक्षर समारोह भुवनेश्वर में आयोजित हुआ, जिसमें ओडिशा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें उद्योग, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री श्री संपद चंद्र स्वाईं, उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री हेमंत शर्मा शामिल थे। झारसुगुड़ा में प्रस्तावित वेदांता एल्युमिनियम पार्क को डाउनस्ट्रीम एल्युमिनियम उद्योगों के लिए एक विश्वस्तरीय औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देना, एमएसएमई क्षेत्र को समर्थन देना और ओडिशा को वैश्विक एल्युमिनियम केंद्र के रूप में मजबूत करना है। इस पहल से राज्य में 500 करोड़ रुपये से अधिक का नया निवेश आने की संभावना है और लगभग 1,500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर उद्योग, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री श्री संपद चंद्र स्वाईं ने कहा, 'यह पहल ओडिशा को एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में और मजबूत करती है। वेदांता एल्युमिनियम पार्क निवेश को बढ़ावा देगा, बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा और राज्य की विनिर्माण क्षमता को मजबूत करेगा।'

## 100 की स्पीड में बस ने पिकअप को उड़ाया,13 मौतें, कटिहार में सड़क पर बिखरीं लाशें



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कटिहार

बिहार के कटिहार में शनिवार देर शाम बस और पिकअप की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग शामिल हैं। मृतकों में 10 महिलाएं, 2 पुरुष और एक बच्ची है। इसमें 11 मृतक पूर्णिया जिले के रहने वाले थे, जबकि दो कटिहार के हैं। हादसे में 32 से ज्यादा घायल हैं। इनमें 8 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा कटिहार के कोढ़ा ब्लॉक में ठल-31 पर हुआ। बस से टक्कर के बाद लोगों के शव सड़क पर बिखर गए। चश्मदीद ने बताया कि हादसे के वक्त ड्राइवर ने शराब पी रखी थी। गाड़ी की स्पीड भी 100 से ज्यादा थी। बस ड्राइवर ने पहले एक बाइक को उड़ाया इसके बाद पिकअप से टक्कर हुई। पिकअप सवार सभी झारखंड से मेला देखकर लौट रहे थे। हादसे के बाद उट ने मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की मदद का ऐलान किया है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, 'शनिवार देर शाम हम कटिहार के आसपास थे। अचानक से तेज आवाज आई, जैसे बम फटा हो। कुछ भी समझ नहीं आया। सड़क पर लाशें बिछ गईं। हमारे पिकअप का ड्राइवर स्टीयरिंग में फंस गया। लोगों ने रॉड से स्टीयरिंग सीधी कर उसके शव को बाहर निकाला।

बस की स्पीड 100 से ज्यादा थी। उसने पहले 2 बाइक सवारों को टक्कर मारी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद अनियंत्रित होकर हमारी पिकअप से टकरा गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसी रेफर किया गया, जहां कई की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही कोढ़ा थाना पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा। रेस्क्यू शुरू किया गया। क्रेन से गाड़ियों को हटाकर सड़क पर जाम खत्म कराया गया।'

### हेडगेवार ने एकता और आजादी के लिए आरएसएस बनाया था

# मोहन भागवत बोले- हिंदू समाज में एकता की कमी, ये बार-बार गुलामी की बड़ी वजह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि केशव बलिराम हेडगेवार ने देश को विदेशी शासन से आजाद कराने और हिंदुओं के बीच फूट को खत्म करने के मकसद से फ्रर की स्थापना की थी।

उन्होंने कहा कि हेडगेवार का मानना था कि समाज में एकता की कमी ही बार-बार गुलामी की बड़ी वजह रही। संघ प्रमुख ने कहा कि हेडगेवार ने ब्रिटिश शासन को खत्म करने के लिए राजनीतिक और हथियारबंद विरोध समेत कई रास्तों पर काम किया था।

भागवत ने कहा कि आजादी के लिए काम करते हुए हेडगेवार को यह एहसास हुआ कि अंग्रेज भारतीयों को गुलाम बनाने वाले पहले बाहरी शासक नहीं थे। उनके मुताबिक, समस्या सिर्फ बाहर से आने वाली ताकत नहीं थी, बल्कि समाज के भीतर भी एक कमी थी।

भागवत शनिवार को तेलंगाना के निजामाबाद जिले के कंडाकुर्थी गांव में श्री केशव स्मृति मंदिर के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। यह गांव हेडगेवार का पैतृक गांव है। उन्होंने कहा- हममें कोई कमी थी, जिसकी वजह से हमें बार-बार हार का सामना करना पड़ा। इसलिए उस कमी को दूर करना जरूरी था।

हिंदुत्व का मतलब दूसरों के साथ मिलकर रहना, अपने रास्ते पर चलना और बाकी लोगों का सम्मान करना है। फ्रर की प्रार्थना भी इन्हीं गुणों को दिखाती है और शाखा में आने वालों में यही संस्कार विकसित होते हैं। हेडगेवार हिंदुओं को मजबूत, निडर और अच्छा इंसान बनाने के पक्ष में थे। हेडगेवार का मानना था कि अगर इन कमियों को दूर नहीं किया गया, तो देश को बार-बार आजादी के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

आरएसएस की स्थापना किसी के खिलाफ नहीं हुई थी। इसे किसी पर हमला करने के लिए नहीं, बल्कि अपनी मातृभूमि को गुलामी से मुक्त कराने के लिए शुरू किया गया था। जैसा हेडगेवार ने सोचा था, उसी दिशा में काम करने वाले कार्यकर्ता आज सक्रिय हैं और समाज को मजबूत बनाने में लगे हैं। कंडाकुर्थी में बना स्मृति केंद्र देश के लिए निस्वार्थ भाव से काम करने की प्रेरणा देगा।

### मोहन भागवत के पिछले 3 बड़े बयान-

**19 मार्च: नागपुर में बोले- फ्रर को 86 संभागों में बांटेंगे, काम का तरीका नहीं बदलेगा-** मोहन भागवत ने कहा कि फ्रर का काम बहुत तेजी से बढ़ रहा है और लोगों की उम्मीदें भी बढ़ रही हैं, इसलिए अब काम को अलग-अलग हिस्सों में बांटने विकेंद्रीकरण की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवकों को मजबूत बनाने और काम बेहतर करने के लिए संगठन में बदलाव किए गए हैं। पूरी खबर पढ़ेंह्व

**8 फरवरी: मुंबई में कहा- संघ कहे तो पद छोड़ दूंगा-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ्रर) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि यदि संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। आमतौर पर 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर नहीं रहने की परंपरा की बात कही जाती है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है। जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है।

**7 फरवरी: संघ प्रमुख बोले- भारत में रहने वाले सभी हिंदू-** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत में हिंदू ही है और कोई है ही नहीं। किसी खास रस्म या प्रार्थना से जुड़े धर्म को नहीं दिखाता है, न ही यह किसी खास समुदाय का नाम है। फ्रर किसी के खिलाफ नहीं है और न ही उसे सत्ता या पावर की इच्छा है। संघ राजनीति में सीधेतौर पर शामिल नहीं है, हालांकि संघ के कुछ लोग राजनीति में सक्रिय हैं। भागवत ने कहा कि बहुत से लोग कहते हैं कि नरेंद्र भाई आरएसएस के प्रधानमंत्री है। उनकी पॉलिटिकल पार्टी बीजेपी अलग है।

## मोदी-राहुल संसद परिसर में मिले, हाथ जोड़कर अभिवादन किया



ढट नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच शनिवार को संसद परिसर में बातचीत हुई। दोनों नेता समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी नेताओं से मिल रहे थे। वह राहुल के पास गए। दोनों ने एक-दूसरे का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। पीएम ने नेता विपक्ष राहुल से बातचीत भी की। राहुल के अलावा पीएम मोदी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और अर्जुन राम मेघवाल से भी मिले। लोकसभा चुनाव के बाद 26 जून 2024 को लोकसभा में ओम बिरला को स्पीकर चुना गया। मोदी, राहुल गांधी स्पीकर बिरला को अध्यक्ष के आसन तक लेकर गए। इस दौरान ओम बिरला से हाथ मिलाने के बाद पीएम मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे से भी हाथ मिलाया। 20 जुलाई 2018 को लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हो रही थी। राहुल गांधी सरकार की आलोचना करने के बाद अपनी सीट से उठकर सीधे ढट मोदी के पास गए। पीएम सीट पर ही बैठे रहे तो राहुल ने उन्हें वहीं गले लगा लिया। प्रधानमंत्री पहले तो हैरान रह गए, लेकिन फिर उन्होंने राहुल को वापस बुलाकर हाथ मिलाया और बातचीत की।

### सिर्फ 30 लाख ही प्रोफेशनल, कई गलत सलाह या कॉपी-पेस्ट वाला कंटेंट फैला रहे

# देश में करीब ढाई करोड़ यूट्यूब चैनल्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




देश में लगभग 2.5 करोड़ एक्टिव यूट्यूब चैनल्स में से महज 30 लाख ही प्रोफेशनल हैं, बाकी करोड़ों चैनलों में से कई बिना नियमन या कमाई के गलत सलाह या कॉपी-पेस्ट वाला कंटेंट फैला रहे हैं।

इन्फ्लुएंसर ट्रस्ट रिपोर्ट के मुताबिक देश में यूट्यूब के हर महीने करीब 50 करोड़ एक्टिव यूजर्स है। अब यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक डॉक्टर, मैकेनिक, जिम ट्रेनर और कानूनी सलाहकार तक बन चुका है।

यदि इन चैनलों पर बताई गई किसी सलाह से किसी को नुकसान हो जाए तो न्याय पाने का रास्ता इतना पेचीदा है कि अपराधी साफ बच निकलता है। देश में हर 10 में से 7 लोग यूट्यूब की सलाह पर भरोसा करते हैं, जिनमें से 60% उसे बिना क्रॉस-चेक किए सही मान लेते हैं।

### ऐसे केस जब यूट्यूबर्स की गलत सलाह भारी पड़ी

केस-1 : तमिलनाडु के कृष्णगिरी जिले में एक उच्च शिक्षित दंपती यूट्यूब पर होम डिलीवरी के वीडियो देखता था। प्रसव के दौरान पति यूट्यूब वीडियो देखकर निर्देश फॉलो कर रहा था। गंभीर रक्तस्राव से स्थिति बिगड़ी, महिला की मौत हो गई।

फरवरी 2026 में मद्रास हाईकोर्ट ने इस मामले में कहा- कुछ यूट्यूब चैनल केवल व्यूज और सब्सक्राइबर्स बढ़ाने के लिए कुछ भी सामग्री परोस रहे हैं। ये समाज के लिए खतरा बनते जा रहे हैं।

केस-2 : मो. नासिरुद्दीन अंसारी यूट्यूब पर बाप ऑफ चार्ट नाम से चैनल चलाते थे। वे इस प्लेटफॉर्म्स से लोगों को शेयर बाजार में निवेश, खासकर ऑप्शंस ट्रेडिंग की सलाह देते थे। सेबी की जांच में सामने आया कि अंसारी खुद शेयर बाजार में 2.89 करोड़ रुपए के घाटे में थे। सेबी ने अंसारी को निवेशकों से अवैध तरीके से जुटाए गए 17.2 करोड़ रुपए वापस करने का आदेश दिया। लेकिन इसमें भी यूट्यूब की कोई जिम्मेदारी तय नहीं हुई।

केस-3 : साल 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े अजीत मोहन (फेसबुक) बनाम दिल्ली विधानसभा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा था कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को केवल बिचौलिया नहीं माना जा सकता। उनकी एल्गोरिदम तय करती है कि कौन सी खबर फैलेगी, इसलिए दंगों के दौरान उनकी भूमिका की जांच की जा सकती है।

### एक्सपर्ट बोले- यूट्यूब चैनल्स को टैक्सपेयर के रूप में रजिस्टर करें

डिजिटल कानूनों से समृद्ध भारत बुक के लेखक और वकील विराग गुप्ता कहते हैं कि यूट्यूब चैनल्स को टैक्सपेयर के रूप में रजिस्टर करना चाहिए, तभी इन पर लगाम संभव है। यूट्यूब/फेसबुक जैसी कंपनियों का तर्क है हम सिर्फ प्लेटफॉर्म दे रहे हैं, कंटेंट तो लोग डाल रहे हैं।ह्व इंटरमीडिएरी की वजह से उन्हें सेफ हार्बरह्व (धारा-79) की सुरक्षा मिलती है यानी यूजर के गलत वीडियो के लिए यूट्यूब को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। गुप्ता कहते हैं कि यह गलत है क्योंकि यूट्यूब बिना किसी रजिस्ट्रेशन के चल रहा है। उसे बिचौलिया नहीं, बल्कि मीडिया कंपनी मानना चाहिए। कंपनी कानून व आयकर कानून के मुताबिक, देश में इनकी व्यापारिक उपस्थिति के आधार पर इन पर आयकर लगाने के साथ ही देश का कानून लागू होना चाहिए।

## दिल्ली-यूपी में एक दिन बाद 40 डिग्री के पार जाएगा तापमान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देशभर में गर्मी बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम भारत में तापमान 6 से 8 डिग्री तक बढ़ सकता है। हालांकि, शनिवार शाम को अटल टनल और मनाली के आसपास के इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई। शनिवार रात मनाली में तापमान -7 डिग्री तक गिर गया। वहीं उत्तर प्रदेश में लखनऊ सहित कई जगहों पर रविवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है। दिल्ली में शनिवार को अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले दिन से ज्यादा था। 15 अप्रैल को मध्य प्रदेश में नया सिस्टम एक्टिव होगा जिससे राज्य में गर्मी बढ़ेगी। शनिवार को राजधानी भोपाल में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। राजस्थान के सीकर समेत शेखावाटी इलाके में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से तापमान में गिरावट देखी जा रही थी, लेकिन रविवार के बाद से तापमान बढ़ने लगेगा। शनिवार शाम को जम्मू के अखनूर एक बवंडर देखा गया।

### ईरान ने कहा था कि दुश्मन देशों के लिए होर्मुज में बारूदी सुरंग बिछाई गई है

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बोले, होर्मुज को साफ कर रहे

**ब्रह्मास्त्र ›› वॉशिंगटन**

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी नौसेना के दो जंगी पोतों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया है। यह ऑपरेशन इस रणनीतिक जलमार्ग से ईरान द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंगों को हटाने के लिए शुरू किया गया है।

अमेरिकी सेना ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के तुरंत बाद यह घोषणा की, जिसमें उन्होंने कहा था कि वॉशिंगटन ने इस जलडमरूमध्य को साफ करना शुरू कर दिया है। सेंटकॉम के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा, आज, हमने एक नया मार्ग स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की है, और हम जल्द ही इस सुरक्षित मार्ग को समुद्री उद्योग के साथ साझा करेंगे, ताकि व्यापार के निर्बाध प्रवाह को बढ़ावा मिल सके। इस ऑपरेशन में यूएसएस फ्रैंक ई. पीटरसन और यूएसएस माइकल मर्फी नामक गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक पोत शामिल हैं। हालांकि, सेंटकॉम ने कहा कि आने वाले दिनों में पानी के नीचे चलने वाले ड्रोन सहित अतिरिक्त अमेरिकी सेनाएं भी इस प्रयास में शामिल हो सकती हैं। इससे पहले, अमेरिकी मीडिया एक्सियोस ने रिपोर्ट दी थी कि इस ऑपरेशन को तेहरान के अधिकारियों के साथ तालमेल कर नहीं किया गया था।

**ईरान का इनकार :** ईरान ने अमेरिकी पोतों के होर्मुज पार करने से इनकार किया है। ईरान ने कहा कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्सकी धमकियों का सामना करने के बाद पोतों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। अधिकारी के अनुसार, आईआरजीसी ने उन पोतों की दिशा में एक यूएवी भी लॉन्च किया था। ईरान की अर्ध-आधिकारिक समाचार एजेंसी तस्नीम ने कहा कि देश के सशस्त्र बलों ने फुजैराह से होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर बढ़ रहे अमेरिकी विध्वंसक पोत की निगरानी की और पाकिस्तानी मध्यस्थों के माध्यम से अमेरिका को इसकी सूचना दी। फार्स के अनुसार, तेहरान द्वारा निशाना बनाए जाने की चेतावनी के बाद अमेरिकी जहाज जलडमरूमध्य से वापस लौट गया। इससे पहले, एक्सियोस ने रिपोर्ट में दावा किया था कि शनिवार को अमेरिकी नौसेना के कई जंगी पोतों ने शनिवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया है। संघर्ष शुरू होने के बाद पहली बार हुई यह आवाजाही ईरान के साथ तालमेल बिठाकर नहीं की गई।

**मैक्रों बोले होर्मुज में आवाजाही स्वतंत्र हो :** फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव पर चर्चा करने के लिए सऊदी अरब साम्राज्य के क्राउन प्रिंस, प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ टेलीफोनिक बातचीत की है। एक्स पर पोस्ट में राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि चर्चा का मुख्य केंद्र शत्रुता को रोकने और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर था।




## खाली टैंकर तेल भरने के लिए अमेरिका आ रहे

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि बड़ी संख्या में खाली तेल टैंकर तेल और गैस भरने के लिए अमेरिका आ रहे हैं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा, बड़ी संख्या में पूरी तरह से खाली तेल टैंकर, जिनमें से कुछ दुनिया में सबसे बड़े हैं, अभी अमेरिका जा रहे हैं ताकि दुनिया में सबसे अच्छा तेल और गैस भर सकें। हमारे पास अगली दो सबसे बड़ी तेल अर्थव्यवस्थाओं को मिलाकर भी ज्यादा तेल है। तेल की गुणवत्ता भी बेहतर है। ट्रंप का यह पोस्ट तब आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में वार्ता चल रही है। ईरान ने चल रहे अपने युद्ध में इस जलडमरूमध्य का इस्तेमाल रणनीतिक हथियार के तौर पर किया है।

## अंदाजा नहीं कि ईरान के साथ बातचीत कैसी रहेगी

ट्रंप ने न्यूज नेशन के साथ फोन पर दिए इंटरव्यू में इस बात की पुष्टि की कि अमेरिका, ईरान और पाकिस्तान के बीच बातचीत शुरू हो गई है, हालांकि उन्हें यह नहीं पता कि यह कितनी सफल हो सकती है। जब उनसे पूछा गया कि बातचीत कैसी रहेगी, तो ट्रंप ने कहा मुझे कोई अंदाजा नहीं है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से फोन पर बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से फिर से खोलने की जरूरत पर सहमति जताई, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह बातचीत इस्लामाबाद में वेंस और गालिबफ के बीच होने वाली उच्च स्तरीय शांति वार्ता से ठीक पहले हुई।

## अमेरिका से बेखौफ होकर बात कर रहेः पेजेशकियन

**ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान**

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान में ईरानी प्रतिनिधिमंडल बेखौफ होकर अमेरिका से बात कर रही है। उन्होंने कहा कि ईरान की टीम देश के हितों की रक्षा के लिए मजबूतीसे और बेखौफ होकर बातचीत कर रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी सरकार हर हाल में जनता की सेवा करती रहेगी और बातचीत का नतीजा चाहे जो भी हो, सरकार लोगों के साथ खड़ी रहेगी। उधर, लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने अमेरिका दौरा रद्द कर दिया है। वह अगले हफ्ते वॉशिंगटन जाने वाले थे, जहां उनकी मुलाकात अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से होनी थी। मुनीर प्रतिनिधियों से अलग-अलग ड्रेस में मिले : पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधियों से अलग-अलग ड्रेस में मुलाकात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ पहुंचे थे। ईरानी प्रतिनिधिमंडल को रिसीव करते वक्त आसिम मुनीर आर्मी ड्रेस में थे। जबकि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को रिसीव करते वक्त मुनीर ने सूट पहना हुआ था। उधर पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उम्मीद जताई कि अमेरिका-ईरान में हो रही बातचीत से पश्चिम एशिया में शांति आएगी।

## पाक पहुंचे सऊदी अरब के वित्त मंत्री

**रियाद/इस्लामाबाद।** सऊदी अरब के वित्त मंत्री मोहम्मद अल-जादान शनिवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे। इस यात्रा को पाकिस्तान के लिए आर्थिक समर्थन के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तान ने हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात को तीन अरब डॉलर से अधिक का कर्ज लौटाने की बात कही है। मोहम्मद अल-जादान की यह यात्रा उस समय हो रही है जब इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता आयोजित हो रही है।

## संघर्ष-विराम के बाद भी बच्चों में खौफ बरकरार



**ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान**

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच फिलहाल संघर्ष-विराम चल रहा है। भले ही अब आसमान से बम नहीं बरस रहे, लेकिन यूनिसेफ का कहना है कि बच्चों के शरीर और मन पर लगे चोट के निशान इतनी जल्दी नहीं मिटेंगे। यूनिसेफ की रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि इस पूरी जंग में सबसे ज्यादा नुकसान बच्चों को ही उठाना पड़ा है। अब तक एक हजार से अधिक बच्चे घायल या मारे गए हैं। अकेले ईरान में 200 बच्चों ने अपनी जान गंवाई है। इजरायल में 4 और कुवैत में एक बच्चे की मौत की खबर है। ईरान में करीब 760 से ज्यादा स्कूल नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए हैं। देश भर में 442 स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह तबाह हो गए हैं, जिससे 22 लाख बच्चों सहित लगभग एक करोड़ लोगों के पास इलाज का कोई साधन नहीं बचा है। तेहरान, बेरूत और अन्य प्रभावित इलाकों में आज भी सैकड़ों बच्चे मलबे के बीच खड़े होकर अपने टूटे घरों, खोए स्कूलों और चले गए परिवारों को याद कर रहे हैं। यूनिसेफ के विशेषज्ञों का कहना है कि ये बच्चे लंबे समय तक नींद न आने, डरावने सपने देखने और किसी भी तेज आवाज पर घबरा जाने जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। संगठन का मानना है कि बच्चों को उनके सपने और सुरक्षा वापस लौटाना असली चुनौती है। हर बच्चे को एक बेहतर भविष्य का अधिकार है। यह रिपोर्ट याद दिलाती है कि जब बड़े आपस में लड़ते हैं, तो उसकी सबसे बड़ी कीमत उन मासूमों को चुकानी पड़ती है, जिनका इस राजनीति से कोई लेना-देना नहीं होता।

### लेबनान में भी स्थिति चिंताजनक

यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, हिंसा में 91 बच्चों की मौत ने वहां के परिवारों को झकझोर कर रख दिया है। युद्ध के कारण हजारों बच्चे अपने घरों से विस्थापित हुए हैं और दक्षिण लेबनान के कई स्कूल बंद होने से उनकी शिक्षा प्रभावित हुई है। इसके अलावा, गरीबी के कारण कई बच्चे कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। विस्थापन के कारण वहां की एक पूरी पीढ़ी गहरे मनोवैज्ञानिक सदमे में जी रही है, जिसके लिए देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता होगी।

# हिज्बुल्लाह के दो सौ से ज्यादा ठिकानों पर हमला

## दक्षिण लेबनान में 10 लोगों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ›› यरुशलम**

इजरायल ने बीते 24 घंटे में लेबनान में ईरान समर्थित उग्रवादी समूह हिज्बुल्लाह के 200 से अधिक ठिकानों पर हमला किया।

इजरायली सेना ने बयान जारी कर यह दावा किया है। यह बयान ऐसे समय आया है जब तेहरान तीन-पक्षीय वार्ता में हिज्बुल्लाह पर इजरायली हमलों को रोकने पर जोर दे रहा था। इससे पहले शनिवार को, लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में इजरायली हमलों में कम से कम तीन लोग मारे गए। लेबनान के साथ सीमा से सटे इजरायली समुदायों में, शनिवार को पूरे दिन लेबनान से ड्रोन और रॉकेट हमलों की चेतावनी देने वाले सायरन बजते रहे। इस बीच शनिवार को एक सीरियाई व्यक्ति ने अपनी पत्नी और अपने पांच में से चार बच्चों को दफनाया। ये सभी बेरूत पर हुएहमलों में मारे गए थे।



बेरूत,एजेंसी। दक्षिणी लेबनान में शनिवार को हुए इजरायली हमलों में 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन आपातकालीन कर्मी शामिल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वहीं सरकारी मीडिया ने एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर छापे मारे जाने की खबर दी है।

## एलपीजी टैंकर जग विक्रम ने सुरक्षित होर्मुज पार किया

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका और ईरान के बीच अस्थायी युद्धविराम के बाद भारत का झंडा लगा एलपीजी टैंकर 'जग विक्रम' ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। शिप-ट्रैकिंग डाटा के अनुसार यह इस संघर्ष विराम के बाद इस मार्ग से गुजरने वाला पहला भारतीय पोत है। जग विक्रम शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरा। शनिवार दोपहर तक ओमान की खाड़ी में पहुंचकर पूर्व दिशा की ओर बढ़ रहा था। मुंबई स्थित ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी के स्वामित्व वाला यह मध्यम आकार का गैस टैंकर है, जिसकी वहन क्षमता 26,000 टन से अधिक है। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार इसमें करीब 20,000 टन एलपीजी लदा हो सकता है। बताया जा रहा है कि मार्च की शुरूआत से अब तक यह नौवां भारतीय जहाज है, जो फारस की खाड़ी से बाहर निकलने में सफल रहा है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. अंगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. मांड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

### ऊपर से नीचे

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | | 3 | | 61 | | 10 | = | 66 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 5 | | 51 | | 25 | = | 24 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 40 | | 10 | | 25 | = | 45 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 70 | | 18 | | 27 | | 40 | = | 75 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 30 | | 27 | | 50 | = | 60 / 52 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दा | प | र | तू | ग | ह्र | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रि | शो | ना | दि | शा | ओं |
| अं | इ | नु | म | ल | दा | ल | घ | र | ला | सें |
| ती | कु | दा | रा | धा | ब | क | प | रि | श | बा |
| स | ति | श | न | था | क | व | शै | ग | वी | र |
| शै | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | जा | प | म | र्ज | की | या | ह |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ग | श | थ |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मृ | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| थो | ढ़ | सा | ठ | बा | ध | व | ह | ढु | र | क |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | | | 1 | |
| 5 | 29 | | 37 | | 31 | 3 |
| | 3 | | 7 | 5 | | |
| 3 | 27 | 6 | 41 | | 33 | 2 |
| | | 3 | | | 5 | 4 |
| | 29 | | 27 | 4 | 30 | 1 |
| 7 | 4 | | 2 | | | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ईरान-अमेरिका की 21 घंटे चली बातचीत बेनतीजा

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति बिना डील पाकिस्तान से रवाना, कहा- यह ईरान के लिए बुरी खबर



पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच शांति को लेकर चल रही बातचीत बेनतीजा रही। यह 21 घंटे से ज्यादा समय तक चली। वेंस अब अपनी टीम के साथ अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। देश लौटने से पहले वेंस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा कि समझौता न होना अमेरिका से ज्यादा ईरान के लिए बुरी खबर है। उन्होंने कहा कि अमेरिका बिना किसी डील के ही लौट रहा है। वेंस ने कहा कि किसी भी समझौते के लिए जरूरी है कि ईरान ये वादा करे कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। अमेरिका की शर्तें स्पष्ट थीं, लेकिन ईरान ने उन्हें नहीं माना। वहीं, ईरान ने भी कहा है कि इस्लामाबाद में अमेरिका के साथ हुई बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक अमेरिका की शर्तें जरूरत से ज्यादा सख्त थीं। इस वजह से समझौते का रास्ता नहीं निकल पाया।

**पाकिस्तान में बातचीत बेनतीजा:** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की इस्लामाबाद में ईरान के साथ बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। वेंस ने कहा कि हमें पूरी तरह भरोसा चाहिए कि ईरान न तो परमाणु हथियार बनाएगा और न ही ऐसी तैयारी करेगा जिससे वह जल्दी हथियार बना सके।

**अमेरिका ने माइंस हटाने का अभियान शुरू किया:** अमेरिकी सेना के सेंटकॉम ने कहा है कि अमेरिकी युद्धपोत समुद्री रास्ते को सुरक्षित बनाने की तैयारी कर रहे हैं। आरोप है कि ईरान ने इस अहम समुद्री मार्ग में बारूदी सुरंगें बिछाई हैं।

**नेतन्याहू बोले- अभियान अभी खत्म नहीं:** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई अभी खत्म नहीं हुई है। उनका कहना है कि हमले इसलिए किए गए क्योंकि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब था। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा नुकसान पहुंचा है।

**इमोशनल मैसेज:** ईरानी संसद के स्पीकर गालिबाफ शुक्रवार रात प्लेन में बच्चों की तस्वीरें रखकर पाकिस्तान पहुंचे। ये बच्चे 28 फरवरी को मिसाइल हमले में मारे गए थे।

## सीजफायर वार्ता में शामिल लीडर्स

### पाकिस्तान



- शहबाज शरीफ — प्रधानमंत्री
- आसिम मुनीर — सेना प्रमुख
- इशाक डार — विदेश मंत्री
- आसिम मलिक — राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

### अमेरिका



- जेडी वेंस — उपराष्ट्रपति
- स्टीव विटकॉफ — स्पेशल प्रतिनिधि
- जेरेड कुशनर — सीनियर एडवाइजर
- ब्रैड कूपर — सैन्य अधिकारी

### ईरान



- मोहम्मद बाघेर गालिबाफ — संसद अध्यक्ष
- अब्बास अराघची — विदेश मंत्री
- मजीद तख्त रवांची — उप विदेश मंत्री

## अमेरिका-ईरान के बीच 5 अहम मुद्दों पर बातचीत

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने पर बताया कि इस्लामाबाद में ईरानी डेलिगेशन के लिए यह दिन काफी व्यस्त रहा। इस दौरान अमेरिका और ईरान के बीच कई बार मैसेज और लिखित दस्तावेजों का आदान-प्रदान हुआ। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच 5 अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें होर्मुज स्ट्रेट, परमाणु कार्यक्रम, युद्ध की भरपाई, ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना और ईरान के खिलाफ तथा पूरे क्षेत्र में चल रहे युद्ध को पूरी तरह खत्म करने जैसे विषय शामिल रहे। उन्होंने पाकिस्तान सरकार और वहां के लोगों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने इन बातचीतों की मेजबानी की और प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में सहयोग दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को



संकेत मिले हैं कि आने वाले हफ्तों में ईरान को चीन से नए एयर डिफेंस सिस्टम मिल सकते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन इन हथियारों को सीधे भेजने के बजाय किसी तीसरे देश के जरिए भेज सकता है, ताकि असली स्रोत छुपाया जा सके। हालांकि, चीन ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

## कतर आज से समुद्री आवाजाही बहाल करेगा

कतर के परिवहन मंत्रालय ने घोषणा की है कि रविवार से समुद्री आवाजाही पूरी तरह शुरू कर दी जाएगी। मंत्रालय के मुताबिक, स्थानीय समय सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक सभी तरह के जहाजों और समुद्री पोतों को चलने की अनुमति होगी। मंत्रालय ने यह भी बताया कि पहले की घोषणा के अनुसार मछली पकड़ने के लाइसेंस वाले जहाजों को रोजाना चलने की अनुमति पहले से ही दी गई है।

## तेहरान से आए तीन विमान पाकिस्तान के एयरबेस पर उतरे



### मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार रात को तेहरान से तीन विमान रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर उतरे हैं।

इसी जगह अमेरिका और ईरान के प्रतिनिधिमंडल भी पहुंचे हुए हैं, जहां बातचीत चल रही है। फिलहाल यह साफ नहीं है कि इन विमानों से कौन आया है और इनके पहुंचने की वजह क्या है। सूत्रों के मुताबिक, बातचीत अब ज्यादा विस्तृत चरण में पहुंच गई है, इसलिए संभव है कि ईरान के कुछ विशेषज्ञ भी पाकिस्तान पहुंचे हों। इससे वार्ता को लेकर हलचल और तेज हो गई है।

### रिपोर्ट: होर्मुज और न्यूक्लियर प्रोग्राम पर पेंच फंसा

फार्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ईरानी डेलिगेशन के करीबी एक सूत्र ने कहा कि अमेरिका बातचीत के जरिए वह सब हासिल करना चाहता था, जो वह युद्ध में नहीं कर पाया। सूत्र ने यह भी कहा कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट, शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा और कई अन्य मुद्दों पर अमेरिका की ह्वबहुत ज्यादा सख्त और बड़ी मांगोंह्ल को मानने से इनकार कर दिया।

### ईरान बोला- अमेरिका की शर्तें ज्यादा सख्त थीं

ईरान ने भी कहा है कि इस्लामाबाद में अमेरिका के साथ हुई बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक अमेरिका की शर्तें जरूरत से ज्यादा सख्त थीं। इस वजह से समझौते का रास्ता नहीं निकल पाया। वहीं ईरान के प्रेस टीवी ने बताया कि विवाद के मुख्य मुद्दों में होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के अधिकार और ईरान के परमाणु अधिकार जैसे मुद्दे शामिल थे।

### वेंस बोले- ट्रम्प से 10 से ज्यादा बार बातचीत की

वेंस ने कहा कि बातचीत के दौरान उनकी टीम लगातार ट्रम्प के संपर्क में थी। उन्होंने कहा, ह्वहम लगातार राष्ट्रपति से बात कर रहे थे। हमने उनसे कितनी बार बात की, यह ठीक से नहीं कह सकता, लेकिन पिछले 21 घंटों में शायद 10 से ज्यादा बार बातचीत हुई। उन्होंने कहा, ह्वहम लगातार अपनी टीम से जुड़े रहे और पूरी ईमानदारी से बात कर रहे थे। अब हम एक सीधा और साफ प्रस्ताव दे रहे हैं। यह हमारी आखिरी और सबसे अच्छी पेशकश है। अब देखना है कि ईरान इसे मानता है या नहीं।ह्ल हालांकि उन्होंने साफ नहीं किया कि अमेरिका ने ईरान को क्या पेशकश की है।

■ वर्ष-12 अंक-158 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 12 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

दुर्जन :परिहर्तव्यो विद्यालंकृतो सन।
मणिना भूषितो सप:किमसौ न भयंकर :।।

**भावार्थ** : दुष्ट व्यक्ति भले ही ज्ञान से सुशोभित हो अर्थात विद्वान भी हो, उसे त्याग देना चाहिए। रत्नों से सुशोभित सर्प की तरह क्या भयानक नहीं है?

पुस्तकस्या तु या विद्या परहस्तगतं धनं।
कार्यकाले समुत्पन्ने न सा विद्या न तद्धनम्।।

**भावार्थ** : दूसरों को दी किताबें और पैसा! जब सही समय आता है तो ऐसी कोई शिक्षा नहीं होती है और न ही धन होता है, यानी वे काम नहीं करते हैं।

## सम्पादकीयम्

### एकः प्रमुखः त्रुटिः

अस्याः उदासीनतायाः प्रतिक्रियारूपेण ट्रम्पः नाटो-सङ्घस्य कृते धमकीम् अयच्छत्, बीजिंग-संस्थायाः स्मरणं च कृतवान् यत् 'तस्य ९०% तैलं' होर्मुज्-जलसन्धितः गच्छति-यस्य तात्पर्यं यत चीनदेशस्य तस्य योजनाकृतं भ्रमणं स्थगितुं शक्यते इति। शुल्कयुद्धकाले दबावं प्रयोक्तुं एतां एव रणनीतिं विश्वं दृष्टवती अस्ति। अन्येषां अस्मिन् संघर्षे कर्षितुं उत्सुकता सूचयति यत् ट्रम्पः कोणे स्थितः इति अनुभवति। एकपक्षीयः निर्णयः। यदा सम्भाव्यसम्झौतेः विषये वार्ता अद्यापि प्रचलति स्म, तस्मिन् काले अमेरिका-इजरायल-देशयोः इरान्-विरुद्धं एकपक्षीयसैन्य-अभियानं आरब्धम्, अन्ततः कूटनीतिकसमाधानं प्राप्नुयात् इति विश्वासः प्रचलितः आसीत् अस्य एकपक्षीयनिर्णयस्य परिणामः एव ब्रिटेनेन प्रारम्भे स्वसैन्यकेन्द्राणां उपयोगाय अनुमतिं निरुद्धं कृतवान्-एतत् कदमः यस्य विषये ट्रम्पः अद्यपर्यन्तं आक्रोशितः इति कथ्यते। तैलस्य उपरि प्रभावः। अमेरिकी-इजरायल-देशयोः न केवलं इराणस्य क्षमतायाः मूल्याङ्कने अपितु संघर्षस्य सम्भाव्यव्याप्तेः ग्रहणं न कृत्वा अपि भ्रान्ताः सिद्धाः अभवन्। अस्य प्रतिकूलता अधुना विश्वे एव अनुभूयते। विश्वस्य व्यस्ततमः तैलयानमार्गः सम्प्रति बन्दः अस्ति। अनिश्चिततायाः वर्धमानस्य कारणेन कच्चे तैलस्य मूल्यं प्रति बैरल् १०५ डॉलरस्य परिधिः अस्ति। सम्पूर्णा वैश्विक अर्थव्यवस्था सम्प्रति तनावग्रस्ता अस्ति। एकः प्रमुखः त्रुटिः। वर्तमानस्थितेः विषये स्पष्टवादः ट्रम्पस्य असम्भाव्यः अपेक्षा अस्ति।

प्रदर्शितः सः स्वयमेव एकः शक्तिशाली सन्देशः इति बहवः समर्थकाः

# अवदन् सामान्यसहमतिः अस्ति यत् एषः विशालः मतदानः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

प्रदर्शितः सः स्वयमेव एकः शक्तिशाली सन्देशः इति बहवः समर्थकाः अवदन् सामान्यसहमतिः अस्ति यत् एषः विशालः मतदानः विजयस्य द्रुतगत्या वर्धमानस्य लोकप्रियतायाः संकेतं ददाति तथा च राजनैतिकक्षेत्रे भयंकरः दावेदारः इति रूपेण तस्य उद्भवस्य सूचकः अस्ति।

विजयस्य जनसमर्थनस्य एषा तरङ्गः तमिलनाडुराज्यस्य राजनैतिकपरिदृश्ये मौलिकरूपेण परिवर्तनं कर्तुं शक्नोति इति राजनैतिकविश्लेषकाः सूचयन्ति। अधुना यावत् राज्यस्य राजनीतिः बहुधा पारम्परिकदलानां परितः एव परिभ्रमति; तथापि टीवीके-सङ्घस्य उदयेन निर्वाचनप्रतियोगितायां नूतनं षड्यंत्रतत्त्वं प्रविष्टम् अस्ति। चिरकालात लोकप्रियस्य चलच्चित्रनटस्य स्थितिं प्राप्य विजयः अधुना तां एव लोकप्रियतां राजनैतिकराजधानीयां प्रवाहयितुं प्रयतते।

विपक्षदलैः तु एतत् प्रसंगं भिन्नचक्षुषा दृष्टम्। केचन नेतारः तस्य लक्षणं प्रबन्धनस्य असफलता इति कृतवन्तः, तेषां तर्कः आसीत् यत् समये निर्धारितकार्यक्रमं प्राप्तुं नेतारस्य असमर्थता संगठनात्मकदुर्बलतां प्रतिबिम्बयति तद्विपरीतम् टीवीके समर्थकाः वदन्ति यत् स्वनेतृणां स्वागतार्थं जनानां समुपस्थिततायाः निरपेक्षः परिमाणः स्वयमेव ऐतिहासिकं क्षणं भवति-एषा घटना केवलं निराकर्तुं न शक्यते।

सुरक्षादृष्ट्या अपि एषा घटना महत्त्वपूर्णा इति मन्यते। विशालजनसमूहस्य मध्ये कस्यापि अप्रियघटनायाः निवारणाय प्रशासनं अधिकं सतर्कतां कर्तुं बाध्यम् अभवत्। सम्पूर्णे मार्गे पुलिस-सुरक्षाबलाः कठोरनिगरानीयं कृत्वा स्थितिं नियन्त्रणे स्थापयितुं प्रयतन्ते स्म। एतेषां प्रयत्नानाम् अभावे अपि जनसमूहेन कृतः दबावः एतावत् प्रचण्डः आसीत् यत् अन्ततः निर्धारितयात्राकार्यक्रमे परिवर्तनं कर्तव्यम् आसीत्। राजनैतिकपर्यवेक्षकाणां मतं यत् आगामिषु दिनेषु विजयेन तस्य दलेन च एतादृशानां परिस्थितीनां पुनरावृत्तिः न भवेत् इति अधिकसटीकतया स्वकार्यक्रमस्य योजना कर्तव्या भविष्यति। अपि च, विजयः यत्र यत्र गच्छति तत्र तत्र विशालजनसमूहस्य समागमस्य प्रबलः सम्भावना वर्तते इति स्पष्टं जातम्; फलतः सुरक्षा-रसद-व्यवस्थानां योजना पूर्वमेव करणीयम्। क्षणाय एषः सम्पूर्णः घटनाक्रमः तमिलनाडुस्य निर्वाचनराजनीतेः अन्तः विजयस्य वर्धमानं प्रभावं रेखांकितवान् अस्ति। यद्यपि सः करैकुडी-भाषायां भाषणं दातुं असमर्थः अभवत्।

उच्चन्यायालयस्य

## गेट नम्बर ६ इत्यस्य सम्मुखे चलन्त्याः बाइके आगता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

उच्चन्यायालयस्य ६ क्रमाङ्कस्य द्वारस्य सम्मुखमेव अचानकं चलन्त्याः मोटरसाइकिलस्य अग्निः अभवत्। घटनायाः कारणात् स्थले अराजकतायाः, कोलाहलस्य च दृश्यं जातम्। द्विचक्रिकायाः चालकः अपि मार्गस्य मध्ये ज्वलन्तं वाहनं त्यक्त्वा सुरक्षितं दूरं गतः। मनसः उपस्थित्या परिस्थितेः प्रतिक्रियां दत्त्वा एसएएफ (विशेषसशस्त्रसेना)-उच्चन्यायालयस्य सुरक्षायै स्थिताः-कर्मचारिणः घटनास्थले त्वरितरूपेण आगत्य अग्निशामकस्य उपयोगेन अग्निम् अवाप्तवन्तः घटनायाः तीव्रताम् अवलोक्य नगरनिगमस्य अग्निनिविदा अपि आहूता; तथापि द्विचक्रिकायाः अग्निः आगमनात् पूर्वमेव निवारितः आसीत्।

आकस्मिक ज्वाला समाचारानुसारं मोटरसाइकिलं मत्स्यव्यापारिणः आसीत्। व्यापारी द्विचक्रिकायाः सवारीं विपण्यं प्रति गच्छन् आसीत् यदा उच्चन्यायालयस्य पुरतः क्षेत्रं प्राप्तवान् तदा एव तस्य वाहनस्य ज्वालाः अभवन् बंशी इति परिचितः सवारः तत्क्षणमेव द्विचक्रिकायाः अवरोहणं कृत्वा तत्रैव त्यक्त्वा सुरक्षितस्थानं गतः। पुलिसैः उभयतः मार्गस्य घेरणं कृत्वा राहगीरान् सुरक्षितं दूरं स्थापयितुं निर्देशः दत्तः।

पुलिस कर्मचारिणः शीघ्रतां दर्शयन्ति, अग्निं निष्प्रभं कुर्वन्ति उच्चन्यायालयस्य सुरक्षायै समीपे एव स्थिताः पुलिसकर्मचारिणः एतस्य घटनायाः साक्षिणः अभवन्। शीघ्रं कार्यं कुर्वन्तः ते न केवलं द्वारे स्थापितस्य अग्निशामकस्य उपयोगं कृत्वा शीघ्रं ज्वालाः निवारयन्ति स्म अपितु स्थितिः सम्भाव्यं गुरुत्वाकर्षणं ज्ञात्वा अग्निशामकविभागं अपि सचेष्टयन्ति स्म दिष्ट्या द्विचक्रिकायाः अग्निः कालस्य निक्के एव निष्प्रभः अभवत्।

## अवदत् यत् यदा अमेरिकादेशः मुक्तहस्तेन वातार्यां समीपं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

प्रदर्शयति तर्हि अमेरिकायाः रुखः कठोरः भवितुम् अर्हति इति। सः अवदत् यत् यदा अमेरिकादेशः मुक्तहस्तेन वातार्यां समीपं गच्छति तदा किमपि प्रकारस्य युक्तिः द्वैधता वा न सह्यते। विशेषदूतः स्टीव विट्कोफ, जेरेड् कुश्नर च एतेषु वातार्सु अमेरिकीदलेन सह सम्मिलितुं शक्नुवन्ति, एतत् कारकं अस्य कूटनीतिकप्रयासे महत्त्वपूर्णं भारं ददाति। इदानीं ईरानीपक्षतः अपि उच्चस्तरीयप्रतिनिधित्वस्य विषये अनुमानं भवति यद्यपि एतावता आधिकारिकपुष्टिः न जारीकृता। एताः वातार्लापाः तस्मिन् सन्दर्भे भवन्ति यदा अस्थायीयुद्धविरामः-मूलतः सप्ताहद्वयं यावत भवितुं निश्चितः आसीत्-सम्प्रति राष्ट्रद्वयस्य मध्ये प्रचलति। अस्मिन् काले उभयपक्षेण तनावानां न्यूनीकरणाय प्रयत्नः कृतः तथापि भूमौ यथार्थता अनिश्चिता एव तिष्ठति।

## राशिफल

**मेष** : तरक्की के नए मार्ग खुलेंगे। मानसिक शांति बनाए रखने के लिए वॉक पर जाएं। बातों में सावधानी बरतने की जरूरत है।

**वृषभ** : नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। किसी पुराने दोस्त से बात हो सकती है।

**मिथुन** : आकस्मिक धन की प्राप्ति हो सकती है। आज आपके लिए ऑयली फूड्स से दूरी बनाना बेहतर रहेगा।

**कर्क** : घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सेहत और धन दोनों ही आपके लिए पॉजिटिव रहेंगे।

**सिंह** : नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार में माहौल ठीक रहेगा। सेहत सामान्य है।

**कन्या** : तनाव से दूर रहें। भाइयों के सहयोग से कोई नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**तुला** : आज खुद को स्ट्रेस से दूर रखें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव जाग सकते हैं। नौकरी में पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** : गुस्सा करना आज ठीक नहीं है। दोस्तों का सहयोग मिलेगा। ध्यान रखें, परिवार में आपसी मतभेद हो सकते हैं।

**धनु** : धर्म-कर्म में आपका मन लगेगा। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। फालतू के खर्च बढ़ेंगे।

**मकर** : आय में वृद्धि होगी। वाहन एवं वस्त्रों के रख-रखाव पर खर्च बढ़ेंगे। परिवार का भरपूर साथ मिलेगा।

**कुंभ** : शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। इंकम में वृद्धि होगी। हेल्थ पर फोकस करें। प्रेम संबंध सफल रहेगा।


**मीन** : लाइफ पार्टनर का साथ मिलेगा। आय में सुधार होगा। लाभ के नए अवसर मिल सकते हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# 17 अप्रैल से इन तीन राशि वालों की बढ़ेगी टेंशन, नौकरी-यात्रा में आएंगी परेशानियां

शनि नक्षत्र परिवर्तन का प्रभाव कुछ राशियों के लिए तनाव लेकर आ सकता है। इस दौरान जातकों को सेहत, करियर और धन से जुड़े मामलों में कई दिक्कतें आ सकती हैं...

इस साल 17 अप्रैल 2026 को शाम 4 बजकर 5 मिनट पर शनि देव उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के चौथे चरण में एंट्री करने जा रहे हैं। ज्योतिष शास्त्र में शनि को कर्मफलदाता ग्रह माना जाता है और वह सबसे मंद गति से गोचर करते हैं। इसलिए शनि का प्रभाव भी जातकों पर अधिक समय के लिए बना रहता है। इसके अलावा शनि जब भी नक्षत्र पद बदलते हैं, तब भी इसका गहरा असर करियर, कारोबार, धन, संबंध और मानसिक स्थिति पर देखने को मिलता है। वहीं अप्रैल में होने वाला शनि का यह पद परिवर्तन विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह कुछ राशियों के लिए चुनौतियां



लेकर आ सकता है। ऐसे में आइए इन राशियों के नाम जानते हैं।

**मेष राशि–** मेष राशि वालों को सभी क्षेत्र में सावधानी रखने की आवश्यकता रहने वाली है। जीवन में अनावश्यक विवाद और तनाव बढ़ सकते हैं। इस समय आपको छोटी-छोटी बातों पर बहस करने से बचना होगा अन्यथा कोई बड़ा विवाद होने की संभावना रहेगी, जिससे रिश्तों में खटास आ सकती है। खासकर कानूनी मामलों से जुड़े विषयों में जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। इस दौरान व्यापार में शांत रहकर निर्णय लेना ही आपके लिए फायदेमंद रहेगा। सेहत परेशान कर सकती हैं।

**कन्या राशि –** कन्या राशि के जातकों के लिए यह समय मेहनत भरा रह सकता है। लेकिन कुछ बातों के कारण मन में उलझने बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में आपको अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाएगा, जिससे निराशा का अनुभव हो सकता है। इस समय सीनियर आपके काम से संतुष्ट न हों और जूनियर भी पूरी तरह साथ न दें, ऐसी स्थिति बन सकती है। इस दौरान धैर्य बनाए रखना बेहद जरूरी होगा। आर्थिक मामलों में भी सतर्क रहेंग।

**मीन राशि–** मीन राशि वालों के लिए यह समय मानसिक और भावनात्मक रूप से थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। बेवजह की चिंताएं और परेशानियां आपको घेर सकती हैं। प्रेम संबंधों में उतावलापन या जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है। परिवार में भी किसी बात को लेकर तनावपूर्ण माहौल बन सकता है। स्वास्थ्य को लेकर भी लापरवाही न बरतें। रिश्तों में मानसिक तनाव से बचें।

## खबर एक नजर...

### मकान देखने गई पत्नी पर पति ने किया ब्लेड़ से हमला

उज्जैन। पंवासा मल्टी में रहने वाली सना बी पति सलीम 35 साल शनिवार को 2 बच्चों के साथ किराये का मकान देखने के लिये नागझिरी क्षेत्र स्थित हामूखेड़ी गई थी। जहां से वापस लौटते समय सव्यसांची स्कूल के पास पीछे से आये पति ने रोक लिया और ब्लेड से चेहरे पर हमला कर दिया। सना बी लहूलुहान हो गई, पति मौके से भाग निकला। लोगों की मदद से सना ने अपने परिचितों को बुलाया और नागझिरी थाने पहुंची। पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा। सना बी ने बताया कि वह मूलरूप से महाराष्ट्र की रहने वाली है। पंवासा मल्टी में पति और 2 बच्चों के साथ रहती है। उसके चार बच्चे है, 2 बहन के पास रहते है। मामले में पुलिस का कहना है कि पति ने हमला क्यों किया, इसका पता उसके गिरफ्त में आने पर चलेगा।

### पिंगलेश्वर पड़ाव से पहले गिरकर घायल हुई महिला श्रद्धालु



उज्जैन। शाजापुर जिले के ग्राम खमलाई की रहने वाली गोकुलबाई पति गोपाल बागवान 52 साल अपनी चार सहेलियों के साथ 118 किलोमीटर की आस्थाभरी पंचक्रोशी यात्रा पर उज्जैन आई थी। सुबह पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर से बल प्राप्त करने के बाद चारों यात्रा पर निकली थी। शाम को पिंगलेश्वर पड़ाव पर पहुंचने से पहले रास्ते में पैर के नीचे पत्थर आने से गिर गई। जिसके चलते हाथ की कलाई में फैक्चर हो गया। पंचक्रोशी महिला श्रद्धालु के घायल होने पर तत्काल 108 एम्बुलेंस चालक गोपाल पटेल और ईएमटी राजेन्द्रसिंह पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद चरक अस्पताल लेकर आये। जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद एक्सरे कराने और भर्ती होने की बात कहीं, लेकिन महिला श्रद्धालु गोकुलबाई ने पंचक्रोशी यात्रा पूरी करने की बात कहीं और डॉक्टरों से उपचार की सलाह लेकर वापस यात्रा के लिये रवाना हो गई।

### अस्पताल पहुंचने से पहले हुई चालक की मौत

उज्जैन। जावरा से सिंकदराबाद का ट्रेन में सफर कर रहे हार्वेस्टर चालक मोड़सिंह पिता मोहनसिंह 50 साल निवासी फिरोजपुर पंजाब की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उज्जैन स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर साथी दीदारसिंह उसे चरक अस्पताल लेकर निकला, लेकिन अस्पताल गेट पर चालक की गिरने के बाद मौत हो गई। उसे तत्काल इमरजेंसी कक्ष में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद दिल का दौरा पड़ने की बात कहीं। मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान दीदारसिंह ने बताया कि हार्वेस्टर मशीन चलाने के लिये जावरा आये थे। काम खत्म होने के बाद वापस लौट रहे थे। ट्रेन में मोड़सिंह ने घबराहट होने और सीने में दर्द होने की बात कहीं थी। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव साथी को सौंपा किया गया है। वह अंतिम संस्कार के लिये फिरोजपुर पंजाब लेकर गया है।

### जोधपुर से गिरफ्त में आया म्यूल खाते ऑपरेट करने वाला

# गूगल मेप पर रिव्यू देने के नाम पर ठगे थे 8.50 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गूगल मेप्स पर रिव्यू देने पर प्रतिदिन कमाई का लालच देकर आटोमोबाइल फाइनेंसर के साथ हुई 8.50 लाख की ठगी में शामिल म्यूल खाते ऑपरेट करने वाले को राज्य सायबर सेल टीम ने जोधपुर से गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य की तलाश जारी है।

नामदारपुरा में रहने वाले आटोमोबाइल फायनेंसर ने सितंबर 2025 में राज्य सायबर सेल को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके साथ गूगल मेप पर रिव्यू देने के नाम पर 8.50 लाख की धोखाधड़ी की गई है। राज्य सायबर जोन पुलिस अधीक्षक सव्यसाची सराफ ने शिकायत को गंभीरता से लिया और मामले की जांच के लिये निर्देश उपपुलिस अधीक्षक लीला मारोठ को दिये। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) के साथ आईटी एक्ट की धारा 66 डी का प्रकरण दर्ज किया गया और ऑनलाइन ठगी करने वालों की तलाश के लिये निरीक्षक अमित परिहार, एएसआई प्रवीणसिंह पंवार, हरेन्द्रपालसिंह राठौर की टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी जानकारी एकत्रित करना शुरू की। 6 माह बाद पुख्ता साक्ष्य मिलने पर टीम जोधपुर और फलौदी पहुंची, जहां 4 दिनों की तलाश के बाद गौतम पिता जेठाराम गोदारा निवासी रूपाणा जोताणा थाना लोहावट जिला फौलादी राजस्थान को हिरासत में लिया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसे म्यूल खाते ऑपरेट करने का काम बड़े पापा का लड़का त्रिलोक गोदारा देता था। त्रिलोक ने कई बैंकों की लॉग इन आईडी और पासवर्ड के साथ वन टाइम पासवर्ट दिये थे। वह खातों में आने वाली राशि को दूसरे खातों में ट्रांजेक्शन करता था। राज्य सायबर की टीम ने त्रिलोक की तलाश शुरू की, लेकिन वह मोबाइल स्वीच ऑफ कर फरार हो गया। निरीक्षक अमित परिहार ने बताया कि हिरासत में आये आरोपी से लेपटॉप और मोबाइल बरामद किया गया है। उज्जैन लाकर एक दिन की रिमांड पर पूछताछ की गई, उसके बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।




#### फायनेंसर को ऐसे दिया था झांसा

शिकायत करने वाले फायनेंसर ने शिकायत में बताया कि उन्हे एक वाट्सएप में जोड़ा गया था और बताया गया था कि हर दिन कुछ मिनट में गूगल मेप्स पर रिव्यू देने का टॉस्क दिया जायेगा। 5 स्टार रेटिंग देने और स्क्रीनशॉट भेजने पर 150 सौ रुपए दिये जायेगें। कुछ टॉस्क पूरा करने पर 150 से 2000 रुपए दिये उन्हे दिये गये। उसके बाद टेलिग्राम ग्रुप से जोड़ गया और बताया गया कि आप प्रो मेम्बर बन गये है। अब बेबसाइड पर अकाउंट बनाना होगा। जिसमें 20 गुना तक राशि मिलेगी। अकाउंट बनाने पर 5 हजार जमा किये तो 25 हजार का मुनाफा दिखाया गया। उन्होने 7 से 8 बार में करीब 8.50 लाख जमा किये, मुनाफा 18 लाख के करीब दिखाया। जिसका विड्रॉल करने पर उनसे कहा गया कि कुछ टॉस्क और करना होगें जिसके लिये 6 लाख देना होगें उसके बाद ही राशि विड्रॉल होगी। तब उन्हे अपने साथ धोखाधड़ी का आभास हुआ।

#### नीट की तैयारी कर रहा है आरोपी

एएसआई हरेन्द्रपालसिंह राठौर ने बताया कि म्यूल खातों को ऑपरेट करने वाले आरोपित युवक ने पूछताछ में बताया कि वह नीट की तैयारी कर रहा है। पूर्व में कोटा से एग्जाम दी थी, क्लीयर नहीं होने पर अब जोधपुर से तैयारी कर रहा है। बड़े पापा का लड़का त्रिलोक घर से कुछ दूरी पर रहता है। जिसका दिल्ली, जोधपुर आना-जाना लगा रहता है। वह बैंकिंग का काम करता है। खातों की जानकारी उसके द्वारा दी जाती थी। 8.50 लाख का ट्रांजेक्शन सात खातों में किया गया था। वह सिर्फ राशि एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर करने का काम करता है, जिसके बदले में उसे कमीशन मिलता था।

## बाइक सवारों के पास मिला गांजा पुलिस ने पूछताछ के लिए रिमांड पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ को लेकर चलाये जा रहे अभियान में माधवनगर थाना पुलिस ने बाइक सवार 2 युवकों को पकड़ा गया है। जिनके पास से गांजा बरामद होने पर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

माधवनगर थाना एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि खबर मिली थी कि किशनपुरा में किराये रहने वाला हरीश उर्फ हनीसिंह मूलरूप से इंदौर का रहने वाला है और अवैध मादक पदार्थ के मामले से जुड़ा है। उसकी तलाश शुरू की गई तो जानकारी सामने आई कि किशनपुरा से एक युवक के साथ बाइक पर सवार होकर अर्जुननगर की ओर गया है। पुलिस ने उसकी तलाश में अर्जुननगर का रूख किया, कुछ देर में हरीश उर्फ हनी और उसके साथ चंद्रावतीगंज के रहने वाले हेमंत शर्मा को पकड़ा गया। दोनों से मादक पदार्थ के संबंध में पूछताछ शुरू की गई। उन्होने अर्जुननगर के जंगल में झाड़ियों के बीच गांजा छुपाकर रखना कबूल कर लिया। उनकी निशानदेही पर थैली में छुपाकर रखा गया 1 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया। थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। दोनों ने बताया कि गांजा तराना से लेकर आये थे, गांजा देने वाले को चेहरे से जानते हैं।

## ढांचा भवन में देर रात चली गोली, युवक घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देर रात ढांचा भवन में गोली चलने की घटना सामने आई। एक युवक घायल हुआ है। इसके पैर में गली लगी है। घटना के बाद घायल खुद थाने पहुंचा था जिसे पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया।

ढांचा भवन में रहने वाला अतिक पिता विपिन माहुलकर 18 वर्ष रात में चिमनगंज थाने पहुंचा और एक्टिव से आए दो नकाबपोश बदमाशों द्वारा गोली मारने की जानकारी पुलिस को दी। पैर में से खून बहता देख पुलिस ने तत्काल उसे उपचार के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया। उपनिरीक्षक लिबिन खेस और जयदीप राठौर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर के अनुसार गोली जांघ पर लगी थी और घुटने के पास से बाहर निकल गई थी। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर मामला जांच में लिया है। अतिक का कहना था कि कक्षा 12वीं की परीक्षा दी है पिता आर्मी से रिटायर्ड है इसका एक माह पहले मोहन नगर के युवक से विवाद हुआ था। हमला करने वाले एक्टिवा से आए थे और उनके चेहरे पर नकाब बंधा हुआ था। पुलिस को घटना पर भी संदेह बना हुआ है। देर रात तक घायल हुए युवक के परिजन भी अस्पताल नहीं पहुंचे थे।





### चौड़ीकरण के दौरान बनी थी सहमती, एक पक्ष ने हिन्दूवादी संगठन को बुलाया

# पंचमपुरा में मंदिर हटाने को लेकर पथराव, उपनिरीक्षक घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 को लेकर शहर में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों में दो तलाब से पंचमपुरा तक कार्य किया जा रहा है। शनिवार शाम यहां मंदिर हटाने पर क्षेत्र के 2 पक्षों में विवाद की स्थिति बन गई। एक पक्ष ने हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को बुला लिया। जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई और पथराव में माधवनगर थाना उपनिरीक्षक घायल हो गये।







बताया जा रहा है कि चौड़ीकरण के दौरान पंचमपुरा में माता मंदिर आ रहा था। नगर निगम ने मंदिर को हटाने और दूसरी जगह स्थापित करने की क्षेत्रवासियों से चर्चा की। शुक्रवार को हुई चर्चा में मंदिर को दूसरी स्थान पर शिफ्ट किये जाने पर सहमती बन गई। नगर निगम द्वारा मंदिर का नया स्थान (ओटला) भी तैयार करवा दिया। शनिवार शाम मंदिर तो हटाने का काम नगर निगम अधिकारियों की मौजूदगी में शुरू किया गया। तभी क्षेत्र का पक्ष विरोध में आ गया। उनकी ओर से हिन्दूवादी संगठन बजरंग दल को बुला लिया गया। क्षेत्र के दूसरे पक्ष ने विकास के लिये मंदिर को दूसरी जगह स्थापित करने की बात कहीं तो विवाद की स्थिति बन गई। मामले की जानकारी लगते ही माधवनगर, नानाखेड़ा और नीलगंगा का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एएसपी गुरुप्रसाद पाराशर और सीएसपी दीपिका शिंदे पर पंचमपुरा पहुंच गये। इस दौरान क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। जिसमें माधवनगर थाना उपनिरीक्षक अंकित बनोधा सिर में पत्थर लगने पर घायल हो गये। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में करने के लिये लाठिया फटकारी। उपनिरीक्षक को चरक अस्पताल लाया गया, जहां से उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सीएसपी दीपिका शिंदे ने बताया कि पंचमपुरा में नगर निगम द्वारा चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों और नगर निगम अधिकारियों के बीच विवाद की स्थिति बनने पर पुलिस पहुंची थी, स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। वहां जो भी घटनाक्रम हुआ है, उसकी जांच की जा रही है। जो भी शामिल होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। वही मामले में नगर निगम के प्रभारी सहायक यंत्री मुकुल मेश्राम ने बताया कि वार्ड क्रमांक 45 में चौडीकरण के दौरान मंदिर को हटाने की सहमती क्षेत्रीय नागरिकों के समन्वय से की जा रही थी। शाम को मंदिर को हटाने के दौरान कुछ रहवासियों ने हिन्दूवादी संगठन को बुला लिया था। जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई। उनके साथ भी अभद्रता की गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com